Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 63 | रविवार, 08 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## स्पीकर ओम बिरला की बढ़ेंगी मुश्किलें ?

### अविश्वास प्रस्ताव पर ममता बनर्जी ने दिया विपक्ष का साथ

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के हफ्तों बाद, इंडियन एक्सप्रेस को पता चला है कि दोनों सदनों में पार्टी के सांसद इस प्रस्ताव पर चर्चा होने पर इसका समर्थन करेंगे। कम से कम दो टीएमसी सांसदों ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने सांसदों को प्रस्ताव का समर्थन करने का निर्देश दिया है। 10 फरवरी को विपक्ष ने बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए 118 सांसदों के हस्ताक्षर वाला नोटिस प्रस्तुत किया था, क्योंकि स्पीकर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पूर्व भारतीय सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से उद्धरण देने या उस पर बोलने की अनुमति नहीं दी थी।

तृणमूल कांग्रेस नेता नेको बताया, हम हमेशा से अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। हम इसे जल्दबाजी में नहीं लाना चाहते थे और इसीलिए बजट सत्र के पहले चरण के अंतिम भाग में हमने कहा था कि इसे तीन दिन बाद पेश किया जाए। नेता ने कहा कि सोमवार को जब नोटिस पर विचार किया जाएगा तब 'बीमार सांसदों को छोड़कर' तृणमूल कांग्रेस के लगभग सभी सांसद लोकसभा में उपस्थित रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल



इंक्लूसिव अलायंस ('इंडिया' गठबंधन) के अन्य नेताओं के भी संपर्क में हैं। लोकसभा ने ओम बिरला को अध्यक्ष पद से हटाने से संबंधित प्रस्ताव पेश करने के लिए विपक्षी सदस्यों के एक नोटिस को सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया है। सोमवार की कार्यसूची में केवल इसी प्रस्ताव को शामिल किया गया है। सोमवार को अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर सदन के 50 सदस्यों के खड़े होने पर प्रस्ताव को स्वीकृत मान लिया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी और उस पर मतदान कराया जाएगा। यदि 50 सदस्य नोटिस के समर्थन में खड़े नहीं होते हैं, तो प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने लोकसभा सदस्यों को इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के दौरान सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। संख्या बल सरकार के पक्ष में है, जिससे इस प्रस्ताव के खारिज होने की संभावना प्रबल है। संविधान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष (इस मामले में बिरला) सदन में उपस्थित रह सकते हैं। वह अपना बचाव कर सकते हैं और प्रस्ताव पर मतदान कर सकते हैं, लेकिन जब मामले पर चर्चा की जाएगी तो वे कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते। बिरला के खिलाफ प्रस्तावित प्रस्ताव में लोकसभा अध्यक्ष के आचरण पर सवाल उठाया गया। साथ ही, इसमें नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं देना तथा 'विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ निराधार आरोप' भी शामिल है। प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनता से जुड़े मुद्दे उठाने पर विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ पूरी तरह आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां करने वाले सत्तारूढ़ दल के सदस्यों को कोई फटकार नहीं लगाई गई। प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया गया है कि विपक्ष का मानना है कि बिरला ने 'सदन के सभी वर्गों का विश्वास हासिल करने के लिए आवश्यक निष्पक्ष रवैया' अपनाना बंद कर दिया है।

## यूजीसी प्रोटेस्ट केस में दिल्ली पुलिस को कोर्ट की फटकार, पूछा- 10 आरोपियों को क्यों नहीं भेजा नोटिस?



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू अदालत से आगे की जांच के लिए समय मांगा है और 2025 में जंतर-मंतर पर यूजीसी विनियम मसौदे के विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। 2025 में संसद स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी और राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, ए राजा और कनिमोझी सहित कई नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्वनी पंवार ने सुनवाई की, जिसमें दिल्ली पुलिस ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की और आगे की जांच के लिए समय मांगा। राउज एवेन्यू अदालत ने इससे पहले दिल्ली पुलिस से पूछा था कि प्रस्तावित आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस क्यों नहीं जारी किए गए और 10 आरोपियों को नोटिस जारी किए बिना पुलिस रिपोर्ट क्यों दर्ज की गई। 19 फरवरी को पिछली सुनवाई में सहायक न्यायाधीश पारस दलाल ने उल्लेख किया था कि आरोपपत्र में 11 व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है।

## सीएम धामी का 'जस्टिस मॉडल' हिट, नए आपराधिक कानून लागू करने में उत्तराखंड बना देश का नंबर वन

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**उत्तराखंड।** भारत की न्यायिक एवं कानून प्रवर्तन प्रणाली के आधुनिकीकरण में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए, उत्तराखंड ने अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) 2.0 के राष्ट्रीय कार्यान्वयन में जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दूरदर्शी मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी-आधारित न्याय प्रणाली के निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम सीसीटीएनएस/आईसीजेएस प्रगति डैशबोर्ड के अनुसार, उत्तराखंड ने 93.46 के उत्कृष्ट स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच राज्यों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है: उत्तराखंड 93.46 के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद हरियाणा 93.41, असम 93.16, सिक्किम 91.82 और मध्य प्रदेश 90.55 के साथ हैं।

उत्तराखंड की सफलता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रभावी नेतृत्व और निरंतर निगरानी का परिणाम है। नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय सुरक्षा अधिनियम (बीएसए) - के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं जिम्मेदारी संभाली। मुख्यमंत्री धामी ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ जिला स्तर पर फील्ड अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा बैठकें कीं। इस व्यापक निगरानी से तकनीकी चुनौतियों को समय पर हल करने में मदद मिली और पुलिस विभाग नए कानूनी ढांचे के अनुकूल सफलतापूर्वक ढल सका।

इस उपलब्धि की नींव आईसीजेएस 2.0 के तहत एक डेटा, एक प्रविष्टि तंत्र पर आधारित है। इस प्रणाली के माध्यम से पुलिस (सीसीटीएनएस), ई-कोर्ट, ई-जेल, ई-अभियोजन और ई-फोरेंसिक विभागों के बीच निर्बाध डेटा प्रवाह सुनिश्चित किया गया है। डेटा दर्ज होते ही यह सभी संबंधित विभागों को तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जिससे कागजी कार्रवाई कम होती है और मामलों का निपटारा तेजी से होता है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, अपराध स्थलों की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित भंडारण 'ई-साक्ष्य' ऐप के माध्यम से अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य में 23,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को नए कानूनों के प्रावधानों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया है। 'न्याय श्रुति' के माध्यम से आभासी अदालती सुनवाई और फोरेंसिक मोबाइल वैन की उपलब्धता जैसी सुविधाओं को तकनीकी सुदृढ़ीकरण के लिए प्राथमिकता दी गई है।

## उत्तम नगर में होली पर हुए छोटे से विवाद ने लिया हिंसा का रूप, मुस्लिमों ने तरूण बुटोलिया को पीट पीटकर मार डाला



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के दिन हुआ एक मामूली-सा विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और 26 वर्षीय युवक तरुण बुटोलिया की जान चली गई। चार मार्च को हुई इस घटना ने पूरे इलाके को तनाव और भय के माहौल में डाल दिया है। हम आपको बता दें कि एक बच्चे की खेल खेल में हुई छोटी-सी गलती ने कुछ ही देर में ऐसा रूप ले लिया कि एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं और पूरा मोहल्ला स्तब्ध रह गया। जानकारी के अनुसार विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब तरुण के परिवार की 11 वर्षीय बच्ची अपने घर की छत पर होली खेल रही थी। इसी दौरान उसने पानी से भरा गुब्बारा फेंका जो पास के घर की एक महिला पर गिर गया। यह महिला दूसरे धर्म की है। बताया जा रहा है कि तरुण के परिवार ने तुरंत माफी भी मांग ली थी, लेकिन बात यहीं समाप्त नहीं हुई। आरोप है कि महिला ने अपने रिश्तेदारों को फोन कर बुला लिया जिससे तनाव बढ़ गया। करीब एक घंटे बाद स्थिति और गंभीर हो गई। उस समय तरुण बुटोलिया एक होली पार्टी में गया हुआ था। तभी उसे फोन कर बताया गया कि उसके माता पिता पर हमला किया जा रहा है। यह सुनकर वह तुरंत मोटरसाइकिल से घर की ओर लौट पड़ा। उसकी मां सुनीता बुटोलिया ने बताया कि फोन पर कहा गया था कि परिवार के लोगों को पीटा जा रहा है। मां ने बताया कि उनका बेटा उन्हें बचाने के लिए आया, लेकिन हमलावर पहले से ही उसका इंतजार कर रहे थे। जब तरुण अपने घर के पास संकरी गली में पहुंचा तो वहां माहौल बेहद तनावपूर्ण था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इलाके के कुछ लोगों ने हमलावरों से झगड़ा रोकने की अपील भी की, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। देखते ही देखते सात से आठ लोगों ने तरुण को घेर लिया और उस पर डंडों, बल्लों, ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया।

## हवा में केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर में भरा धुआं, पायलट की सूझबूझ से लखनऊ में सेफ लैंडिंग



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण लखनऊ हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करने को मजबूर हो गया। हेलीकॉप्टर लखनऊ के ला मार्ट ग्राउंड से कौशांबी जा रहा था। केशव प्रसाद मौर्य के कार्यालय के अनुसार, हेलीकॉप्टर में अचानक धुआं भर जाने के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि जैसे ही हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी, अचानक ही उसमें तकनीकी समस्या आ गई। देखते ही देखते हेलीकॉप्टर के भीतर तेजी से धुआं भरने लगा, जिससे वहां अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। खतरे को भांपते हुए पायलट ने फौरन एटीसी से संपर्क किया और हेलीकॉप्टर को नजदीकी लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ मोड़ दिया। पायलट की सतर्कता की वजह से हेलीकॉप्टर को सुरक्षित लैंड करा लिया गया। राहत की बात यह रही कि उपमुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। इससे पहले केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हिंदू परंपरा में गायों का विशेष महत्व है और राज्य में कोई भी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। मौर्य ने कहा कि गौ माता में करोड़ों देवी-देवता विराजमान हैं, हम सब उनकी पूजा करते हैं और उत्तर प्रदेश में गौ माता को कोई खरोच भी नहीं पहुंचा सकता है। गायों के प्रति व्यवहार को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना करने वाली स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की हालिया टिप्पणियों के बारे में सवालों का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि संतों के चरणों में सदा प्रणाम करता हूं और ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

## पत्रकार राम चंदर मर्डर केस में गुरमीत राम रहीम को बड़ी राहत, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने किया बरी

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में 2002 में पत्रकार राम चंदर छत्रपति की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीबीआई की कोर्ट ने राम रहीम समेत तीन अन्य को दोषी ठहराया था। लेकिन अब कोर्ट ने राम रहीम को आरोप मुक्त कर दिया है। हरियाणा के सिरसा में 2002 में पत्रकार राम चंदर छत्रपति की टारगेटेड हत्या के मामले में गुरमीत राम रहीम को राहत मिली है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा चीफ गुरमीत राम रहीम को बड़ी राहत देते हुए आरोप मुक्त कर दिया है। इस केस को लेकर कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई की। आपको बता दें कि राम चंदर छत्रपति मर्डर केस में 2019 में उइककोर्ट ने राम रहीम को दोषी ठहराया था। साथ ही इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके अलावा सीबीआई ने तीन और लोगों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह, और कृष्ण लाल–को भी दोषी ठहराया था। लेकिन कोर्ट ने राम रहीम को आरोप मुक्त कर दिया है। हालांकि अन्य मामलों की वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। यह फैसला चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने 2019 की सजा को चुनौती देने वाली अपीलों पर सुनवाई करते हुए सुनाया। जिसके बाद कोर्ट ने राम रहीम की सजा को रद्द कर दिया और आरोपों से बरी कर दिया। हालांकि कोर्ट ने दो दूसरे आरोपियों की अपील खारिज कर दी।

## रूसी तेल पर अमेरिका की 'छूट'? केंद्र का दो टूक जवाब- हमें किसी की अनुमति नहीं चाहिए

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव जारी रहने के बावजूद, भारत सबसे प्रतिस्पर्धी कीमतों की पेशकश करने वाले स्रोत से कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा। सरकार ने एक बयान में कहा कि व्यवधानों के बावजूद भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। केंद्र सरकार ने एक बयान में कहा कि होर्मुज मार्ग पर बढ़ते तनाव के बावजूद, भारत की ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित और स्थिर बनी हुई है। भारत ने कच्चे तेल के स्रोतों को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक कर लिया है, जिससे कई वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग सुनिश्चित हो गए हैं। राष्ट्रीय हित में, भारत तेल वहीं से खरीदता है




जहां सबसे प्रतिस्पर्धी और किफायती दरें उपलब्ध हों। भारत ने शनिवार को यह भी पुष्टि की कि वह मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण अमेरिका द्वारा दी गई अस्थायी छूट का हवाला देते हुए रूसी तेल का आयात जारी रखेगा। केंद्र ने कहा कि नई दिल्ली को इस तरह की खरीद के लिए किसी भी देश से अनुमति की आवश्यकता नहीं है। केंद्र ने कहा कि भारत ने रूसी तेल खरीदने के लिए कभी भी किसी देश की अनुमति पर निर्भर नहीं किया है। भारत फरवरी 2026 में भी रूसी तेल का आयात जारी रखेगा और रूस अभी भी भारत का सबसे बड़ा कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन वर्षों के दौरान, भारत ने अमेरिका और यूरोपीय संघ की आपत्तियों के बावजूद रूसी तेल खरीदना जारी रखा। रियायती कीमतों और रिफाइनरी की मांग के कारण 2022 के बाद आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। केंद्र सरकार के अनुसार, भारत के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जो भंडार और आपूर्ति श्रृंखला दोनों में 25 करोड़ बैरल से अधिक है। यह भंडार 7 से 8 सप्ताह की खपत के बराबर है।

## संपादक की कलम से

# ईरान पर अमेरिकी हमला, चीन-रूस की रहस्यमयी चुप्पी



ललित शर्मा
संपादक

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर पिछले कुछ दिनों से लगातार हमले किए जा रहे हैं। दोनों देशों ने ईरान के खिलाफ एक तरह से अघोषित युद्ध शुरू कर दिया है। इसके असर पूरी दुनिया में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस विषय पर खुलकर चर्चा करने या इसकी निंदा करने के लिए कोई देश आगे नहीं आ रहा। आश्चर्य की बात यह है कि दशकों से ईरान के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले चीन और रूस ने भी इस युद्ध पर रहस्यमयी चुप्पी साध रखी है। एक समय ऐसा माना जा रहा था कि जैसे ही इजराइल और अमेरिका युद्ध शुरू करेंगे, चीन और रूस ईरान के समर्थन में खुलकर सामने आएंगे। लेकिन अब तक ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। अमेरिका और इजराइल जिस तरह से ईरान में तबाही मचा रहे हैं, उसके बावजूद यूरोप के देश भी केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। वे अपनी क्षमता के अनुसार दुख व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर युद्ध का विरोध या ईरान का समर्थन करने की हिम्मत कोई नहीं कर रहा। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई तथा अन्य ईरानी नेताओं और सैन्य कमांडरों की मौत के मुद्दे पर भी कोई देश खुलकर प्रतिक्रिया देने को तैयार नहीं है। आश्चर्यजनक बात यह है कि ईरान में बड़े पैमाने पर निवेश और व्यापार करने वाले चीन और रूस ने भी केवल संवेदना व्यक्त करने और औपचारिक कूटनीतिक बयान देने के अलावा कुछ नहीं किया है। दोनों देशों ने वैश्विक स्थिति पर चिंता जताई है, लेकिन ईरान को हथियार या अन्य किसी प्रकार की सहायता देने की तत्परता नहीं दिखाई है। चिंताजनक स्थिति यह भी है कि ईरान की मिसाइलें अब साइप्रस, अजरबैजान, तुर्की और अन्य खाड़ी देशों में गिर रही हैं। इसके कारण खाड़ी क्षेत्र में आंतरिक युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। ईरान का लक्ष्य खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाना था, लेकिन इसके विपरीत परिणाम सामने आए हैं। इससे ऊर्जा क्षेत्र में भारी उथल-पुथल मच गई है। कई तेल रिफाइनरियों और कंपनियों ने अपना काम रोक दिया है, जिससे कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी की भारी कमी पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। इन सबके बीच चीन और रूस की रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। जानकारों का मानना है कि अमेरिका, चीन और रूस जैसी तीनों महाशक्तियों ने अपने हितों की रक्षा के लिए पर्दे के पीछे किसी तरह की रणनीतिक समझ बना ली है। इस महागठजोड़ के कारण दुनिया असमंजस में है और तीनों शक्तियां अपने-अपने तरीके से इसका लाभ उठा रही हैं। चर्चा यह भी है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के मामले में अमेरिका ने भी एक तरह की चुप्पी साध ली है। कहा जा रहा है कि अमेरिका और रूस के बीच दुर्लभ खनिजों और वैश्विक प्रभुत्व के मुद्दे पर कोई समझौता हो चुका है। अमेरिका दिखावे के लिए युद्ध रोकने और शांति वार्ता की बात करता है, लेकिन पर्दे के पीछे वह रूस को अप्रत्यक्ष समर्थन भी दे रहा है। इसी तरह चीन और ताइवान के बीच चल रहे विवाद में भी अमेरिका केवल औपचारिक प्रतिक्रिया देता है। तीनों महाशक्तियां 'तेरी भी चुप, मेरी भी चुप' की नीति अपनाकर पूरी दुनिया को भ्रमित कर रही हैं। भूराजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल ईरान-इजराइल-अमेरिका संघर्ष में चीन और रूस सीधे शामिल होना नहीं चाहते। रूस पहले से ही एक मोर्चे पर युद्ध लड़ रहा है, इसलिए वह अमेरिका के साथ दूसरा युद्ध छेड़ने की स्थिति में नहीं है।

## अरमानों की बरसात

उदय किशोर साह



कविता

प्यार अरमानों की कर दो बरसात
घर आँगन को महका दो तुँ आज
भेज रहा हूँ प्रिये ये प्रेम की पैगाम
प्रेम डगर पे चलना है अब सरेआम

मन मंदिर की देवी मैं तुमको बनाया
प्रेम की बगिया की फूल तुमपे चढ़ाया
दशो दिशा में अब महका दो गुलफाम
अपने नाम कर दो तुम मेरे ही नाम

ये पर्वत ये फिजां ये वन ये उपवन
तुम्हें मना रहे हैं खुद अपने मन ही मन
अब तो सुन लो नीले अंबर की पुकार
वादा क्यूं भूल गई ओ मेरी सरकार

पूर्व जन्मों के हम हैं प्रेम की हमराही
प्रेम नगर के थे हम दोनों ही राही
इस जनम में भी तुम कर दो उपकार
आरजू मेरी आज कर दो तुम साकार

कोरे कागज पे लिख दर्द गम है सुनाया
पूरवाई से ये पयाम तुम तक पहुँचाया
तुम पर अब है अमल करने का काज
तुम पे है मेरा भरोसा तुम पे है नाज

मेरी जीवन की बगिया में वरसा दो नीर
प्रेम अँकुरित हो दूर कर दो गम व पीर
मैं तेरी राँझा तुम हो मेरी जीवन की हीर
जग को दिखला दूँ क्या अपन सीना चीर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# यूपीएससी सफलता और बनाई हुई कहानियाँ



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका




भारत में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह लाखों युवाओं के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। हर वर्ष देशभर से लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा में बैठते हैं और उनमें से कुछ सौ लोग ही अंततः प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त कर पाते हैं। इसलिए जो लोग इस कठिन परीक्षा में सफल होते हैं, वे स्वाभाविक रूप से समाज में चर्चा और सम्मान का विषय बन जाते हैं। समाचार माध्यम, सामाजिक माध्यम और आम समाज उनके जीवन की कहानी जानने के लिए उत्सुक रहते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में एक दिलचस्प और कभी-कभी चिंताजनक प्रवृत्ति भी देखने को मिली है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि शहरों की समृद्ध पृष्ठभूमि में पले-बढ़े कुछ सफल अभ्यर्थी अचानक अपनी पहचान को 'किसान पुत्र', 'गाँव का बेटा' या 'ग्रामीण पृष्ठभूमि' के रूप में प्रस्तुत करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत पहचान का प्रश्न नहीं है; यह उस व्यापक सामाजिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को भी उजागर करती है, जिसमें लोकप्रियता और सहानुभूति प्राप्त करने के लिए अपनी कहानी को विशेष तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या यह केवल प्रेरणा देने का प्रयास है या फिर लोकप्रियता हासिल करने की एक रणनीति? इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसके पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और माध्यम-संबंधी कारण छिपे हुए हैं। भारतीय समाज में संघर्ष की कहानियाँ हमेशा से अत्यधिक सम्मानित रही हैं। जब कोई व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से निकलकर बड़ी सफलता हासिल करता है, तो वह कहानी लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यही कारण है कि समाचार माध्यम अक्सर ऐसे उदाहरणों को प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं, जहाँ कोई अभ्यर्थी सीमित संसाधनों, आर्थिक कठिनाइयों या ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद सफलता प्राप्त करता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी कहानियाँ समाज के लिए सकारात्मक भूमिका निभाती हैं। वे युवाओं को यह विश्वास दिलाती हैं कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की जा सकती है।

भारत जैसे देश में, जहाँ आज भी ग्रामीण और शहरी अवसरों के बीच बड़ा अंतर मौजूद है, ऐसी कहानियाँ उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब वास्तविकता से अधिक आकर्षक या भावनात्मक कहानी प्रस्तुत करने का दबाव बढ़ जाता है। सामाजिक माध्यमों के इस दौर में हर व्यक्ति अपनी कहानी को इस तरह प्रस्तुत करना चाहता है कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे और उन्हें प्रभावित करे। इस प्रक्रिया में कभी-कभी वास्तविक पृष्ठभूमि की जटिलता को सरल और भावनात्मक कथा में बदल दिया जाता है।

आज के समय में समाचार माध्यम और सामाजिक माध्यम किसी भी व्यक्ति की छवि बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक सफल अभ्यर्थी की कहानी कुछ ही घंटों में पूरे देश में फैल सकती है। विभिन्न साक्षात्कार, वीडियो मंच और समाचार लेख अक्सर उस कहानी के ऐसे पहलुओं को सामने लाते हैं जो भावनात्मक और प्रेरणादायक हों।

माध्यमों की दृष्टि से यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि दर्शक और पाठक ऐसी कहानियों से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। 'गाँव से निकलकर प्रशासनिक सेवा में पहुँचा युवक' या 'किसान की बेटी जिसने प्रशासनिक सेवा में स्थान बनाया' जैसी सुर्खियाँ तुरंत ध्यान आकर्षित करती हैं। परिणामस्वरूप, कभी-कभी कहानी के कुछ हिस्सों को अधिक महत्व दिया जाता है, जबकि अन्य पहलू पीछे छूट जाते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी का परिवार मूल रूप से ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा रहा हो, लेकिन उसकी शिक्षा और परवरिश शहरों में हुई हो, तो माध्यम अक्सर उसी ग्रामीण संबंध को प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं। इससे वास्तविकता का एक आंशिक चित्र सामने आता है।

भारत जैसे विशाल और विविध समाज में पहचान हमेशा सरल और एक-आयामी नहीं होती। किसी व्यक्ति का जन्म गाँव में हो सकता है, लेकिन शिक्षा शहर में हुई हो सकती है। किसी के माता-पिता खेती से जुड़े हो सकते हैं, जबकि परिवार की आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हो सकती है।

वास्तव में दोनों बातें एक साथ सही हो सकती हैं। लेकिन जब कहानी को सरल और प्रभावी बनाने की कोशिश की जाती है, तो अक्सर एक ही पहचान को प्रमुखता दी जाती है। यही कारण है कि कभी-कभी लोगों को यह लगता है कि वास्तविकता से अलग या बढ़ा-चढ़ाकर चित्र प्रस्तुत किया जा रहा है। आज का समय छवि और कथानक का समय है। सामाजिक माध्यमों ने हर व्यक्ति को अपनी छवि गढ़ने का अवसर दिया है।

लोग केवल यह नहीं बताते कि वे कौन हैं, बल्कि यह भी तय करते हैं कि वे समाज के सामने कैसे दिखाई देना चाहते हैं। लेकिन जब यह प्रक्रिया वास्तविकता से अधिक छवि-निर्माण पर आधारित होने लगती है, तो यह आलोचना का विषय बन जाती है। समाज को यह महसूस होने लगता है कि लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए पहचान का उपयोग किया जा रहा है।

यह भी याद रखना आवश्यक है कि हर सफल अभ्यर्थी ऐसा नहीं करता। देश में हजारों ऐसे अधिकारी हैं जो अपनी पृष्ठभूमि के बारे में ईमानदारी से बात करते हैं और अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। अंततः प्रशासनिक सेवा में सफलता का वास्तविक मूल्य इस बात से तय होना चाहिए कि कोई अधिकारी अपने पद का उपयोग समाज के हित में किस प्रकार करता है।

ईमानदारी, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना ही किसी भी अधिकारी की सबसे बड़ी पहचान होती है। लोकप्रियता क्षणिक हो सकती है, लेकिन सच्ची सेवा और ईमानदार कार्य ही वह आधार है जो किसी व्यक्ति को स्थायी सम्मान दिलाता है।

# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू



संजीव ठाकुर
लेखक

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी।

तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है।

जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए।

उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है।

सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है।

जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं।

मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है।

यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है।

जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है।

कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है।

अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

# जिम का पहला दिन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

जब मनुष्य का पेट उसकी कमीज के बटनों से विद्रोह करने लगता है और आईना उसे डराने के बजाय 'कॉमेडी सर्कस' का मंच लगने लगता है, तब उसे अचानक 'स्वास्थ्य' की याद आती है। हमारे मित्र 'लल्लू प्रसाद' के साथ भी यही हुआ। लल्लू प्रसाद ने तय किया कि वे अब 'देह-यष्टि' को सुडौल बनाएंगे और मोहल्ले के उस 'मसल-मेनिया' जिम में दाखिला लेंगे, जहाँ बाहर ही एक सांड जैसे दिखने वाले पहलवान की तस्वीर लगी थी। लल्लू प्रसाद जिम ऐसे पहुँचे जैसे कोई क्रांतिकारी फांसी के फंदे की ओर बढ़ रहा हो। उनके हाथ में 'फ्लोरोसेंट' हरे रंग की पानी की बोतल थी और शरीर पर वह 'ट्रैकसूट' था जिसे पहनकर वे कम और 'तैयार किया हुआ सोफा' ज्यादा लग रहे थे। जिम के भीतर का दृश्य किसी 'यातना गृह' से कम नहीं था। वहाँ लोहे के भारी-भरकम टुकड़ों से लोग ऐसे कुश्ती लड़ रहे थे जैसे वे उनके पुश्तैनी दुश्मन हों। जिम का 'ट्रेनर' वह प्राणी था जिसके पास गर्दन नाम की चीज नहीं थी; उसका सिर सीधे उसके कंधों से उगा हुआ मालूम पड़ता था। उसने लल्लू को देखते ही ऐसी मुस्कान दी, जैसे कसाई बकरे को देखकर देता है। ट्रेनर ने कहा, 'आज 'लेग डे' है!' लल्लू को लगा शायद पैरों की मालिश होगी। पर अगले ही पल उन्हें एक ऐसी मशीन पर लिटा दिया गया जो किसी भी कोण से मानवीय नहीं थी। लल्लू ने जब उस पर वजन लादकर पैर ऊपर उठाए, तो उनकी हड्डियों के भीतर से वैसी ही चरमराहट की आवाज आई जैसी पुराने जमाने के चरमराते हुए किवाड़ों से आती है। उनके घुटनों ने आपस में मीटिंग की और तय किया कि अब और साथ निभाना मुमकिन नहीं है। अगले आधे घंटे में लल्लू ने वह सब किया जो उन्होंने पिछले तीस सालों में नहीं किया था। उन्होंने लोहे की रॉड उठाई, रस्सियाँ पटकीं और 'ट्रेडमिल' पर ऐसे भागे जैसे पीछे कोई खूंखार कुत्ता पड़ा हो। उनका चेहरा लाल होकर उस टमाटर जैसा हो गया था जो फ्रिज में पड़े-पड़े गलने वाला हो। ट्रेनर चिल्ला रहा था- 'नो पेन, नो गेन!' और लल्लू मन ही मन सोच रहे थे- 'मोर पेन, टोटल ड्रेन!' जिम से बाहर निकलते वक्त लल्लू की चाल वैसी ही थी जैसी किसी 'पेंगुइन' की होती है जिसे अभी-अभी लकवा मार गया हो। उनकी रीढ़ की हड्डी उनसे 'इस्तीफा' मांग रही थी और उनके फेफड़े हवा के लिए वैसे ही तड़प रहे थे जैसे सूखे कुएँ में मछली। अगले दिन सुबह जब सूरज उगा, तो लल्लू के कमरे से कराहने की ऐसी आवाजें आईं कि पड़ोसियों को लगा शायद रात में कोई 'आत्मा' उनके घर में घुस आई है। लल्लू बिस्तर पर ऐसे जकड़े हुए थे जैसे उन्हें सीमेंट के घोल में जमा दिया गया हो। उनके हाथ ऊपर नहीं उठ रहे थे और पैर हिलाने पर 'साउंड इफेक्ट' पैदा हो रहे थे। तभी उनका फोन बजा। ट्रेनर का मैसेज था- 'कल का वर्कआउट शानदार था! आज हम 'चेस्ट और बाइसेप्स' करेंगे। आ रहे हो न?' लल्लू ने बड़ी मुश्किल से एक उंगली हिलाई और जवाब टाइप किया। पर उन्होंने 'यस' या 'नो' नहीं लिखा। उन्होंने सीधे अपने मोबाइल से 'जिम' का ऐप डिलीट किया, ट्रेनर का नंबर ब्लॉक किया और पास वाले हलवाई को फोन लगाकर बोले- 'भाई, दो प्लेट शुद्ध घी की कचौड़ी और एक्स्ट्रा चटनी भेज दे... ये शरीर नश्वर है, इसे लोहे से पीटकर क्या मिलेगा?

# लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जब ट्रेजरी बेंच पर दिखाई देंगे



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा की बैठक 9 मार्च, सोमवार से शुरू होगी, तब एक ऐसा दृश्य देखने को मिल सकता है, जो सामान्यतः बहुत कम दिखाई देता है। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला मंच पर अपनी कुर्सी ग्रहण करने के बजाय सामने अन्य सांसदों के साथ बैठे दिखाई देंगे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत में संसद के नियमों का किस प्रकार पालन किया जाता है, इस पर पूरी दुनिया की नजर रहती है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष ओम बिरला ने स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है और इसी कारण उन्हें पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाया गया है। इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

संसदीय कानून के अनुसार जब इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तब ओम बिरला को भी अपने बचाव में बोलने का अधिकार मिलेगा।

संविधान विशेषज्ञों के अनुसार जब प्रस्ताव पर मतदान का समय आएगा, तब ओम बिरला को भी मतदान करने का अधिकार रहेगा। चर्चा के दौरान उन्हें ट्रेजरी बेंच पर आगे की पंक्ति में बैठने के लिए स्थान दिया जाएगा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसके अलावा निलंबित किए गए आठ सांसदों के मुद्दे पर भी ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए 118 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया था।

कांग्रेस के सदस्य और चीफ व्हिप के सुरेश ने समाजवादी पार्टी तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों की ओर से लोकसभा कार्यालय में इस प्रस्ताव की नोटिस दी थी। हालांकि इस नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने हस्ताक्षर नहीं किए थे।

संसदीय नियमों में यह स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उन्हें बैठने के लिए कहां स्थान दिया जाएगा।

यदि मतदान आटोमेटेड सिस्टम से होगा तो ओम बिरला उसमें वोट नहीं दे पाएंगे, लेकिन उन्हें वोट दर्ज करने के लिए एक स्लिप दी जाएगी। केवल लोकसभा के सदस्य ही उनके पक्ष या विपक्ष में मतदान कर सकते हैं।

संविधान के अनुच्छेद 96 के अनुसार, जब तक अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा चल रही होती है, तब तक वे अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठ सकते।

संवैधानिक विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यतः बहुमत का निर्धारण सदन की कुल प्रभावी संख्या के आधार पर किया जाता है, अर्थात खाली सीटों को छोड़कर शेष सदस्यों की संख्या को गिना जाता है।

संसदीय कानून के अनुसार ऐसी किसी भी नोटिस को लोकसभा के सचिव को देना होता है, न कि उपाध्यक्ष या किसी अन्य पद पर बैठे व्यक्ति को। नोटिस का बहुत महत्व होता है और उसमें स्पष्ट आरोपों का उल्लेख होना चाहिए। प्रस्ताव की भाषा में किसी प्रकार की मानहानिकारक बात नहीं होनी चाहिए।

प्रस्ताव की भाषा सामान्यतः उपाध्यक्ष तय करते हैं, लेकिन वर्तमान लोकसभा में उपाध्यक्ष नहीं होने के कारण इसकी जांच चेयरपर्सन की पैनल के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रस्ताव की भाषा मानहानिकारक न हो।

इसके बाद ही प्रस्ताव सदन में भेजा जाता है और कानून के अनुसार इसे 14 दिनों के भीतर भेजना आवश्यक होता है।

इसके बाद इसे सदन में अनुमति के लिए रखा जाता है, जिसे 'ग्रांट्स परमीशन' कहा जाता है। संसदीय नियमों के अनुसार जब प्रस्ताव सदन में रखा जाता है, तो सदस्यों से अनुमति मांगी जाती है।

यदि प्रस्ताव के समर्थन में 50 प्रतिशत सदस्य खड़े हो जाते हैं, तो उसे अनुमति मिल जाती है। इसके बाद 10 दिनों के भीतर उस पर चर्चा कराई जा सकती है।

हालांकि ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा सोमवार 9 तारीख को ही की जाएगी। अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया लंबी होती है और इसमें उन्हें जवाब देने का पूरा अवसर भी दिया जाता है।

संवैधानिक विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि लगभग सभी जानते हैं कि ओम बिरला को कुछ होने की संभावना नहीं है। वे फिर से अध्यक्ष की कुर्सी पर लौट आएंगे, क्योंकि लोकसभा में सत्तारूढ़ दल के पास स्पष्ट बहुमत है।

अतीत में भी लोकसभा के तीन अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जी वी मावालंकर (1954), हुकुम सिंह (1966) और बलराम जाखड़ (1987)। हालांकि ये तीनों प्रस्ताव अंततः खारिज हो गए थे।

# गुरू के प्रति आस्था व श्रद्धा का अनुपम अवसर: बोहरा

## श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ का हुआ ऐतिहासिक व भव्य आयोजन

**मुकेश अमन**

**बाड़मेर राजस्थान।** स्वर्ण नगरी जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दूसरे दिन 07 मार्च को वैश्विक स्तर पर दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ का आयोजन हुआ। जिस कड़ी में शनिवार को थार नगरी, बाड़मेर में 45 स्थानों पर 10 हजार से अधिक लोगों ने भाग लेते हुए प्रथम दादा श्री जिनदत्त सूरी के प्रति अपनी आस्था व श्रद्धा जाहिर करते हुए इकतीसा का पाठ किया।





सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को लेकर शनिवार को थार नगरी, बाड़मेर में ऐतिहासिक व भव्य आयोजन हुआ। जिसमें 45 स्थानों पर 10 हजार से अधिक लोगों ने दादा गुरूदेव इकतीसा का लय व एकत्व भाव के साथ सस्वर पठन किया। अमन ने श्रावक-श्राविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन गुरू के प्रति श्रद्धा व आस्था का बहुत अच्छा व अनुपम अवसर है। भावों के साथ स्मरण व इकतीसा जाप प्रभावकारी साबित होता है।

अमन ने बताया कि थार नगरी, बाड़मेर में जैन भवन, जैन मन्दिर, उपाश्रय, दादावाड़ी, स्थानक भवन, धर्मशाला, ज्ञान वाटिका, ज्ञान पाठशाला सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में दादा गुरूदेव इकतीसा का पाठ हुआ। जहां बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

केवलचन्द छाजेड़ ने बताया कि दादा श्री जिनदत्त सूरि चादर महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को बाड़मेर में 45 स्थानों पर 10 हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाओं व विद्यार्थियों ने दादा गुरू इकतीसा का जाप किया। जहां स्थानीय स्तर बहुत ही अच्छी व्यवस्थाएं रही। इससे जुड़ने को लेकर आमजन में काफी उत्साह रहा है। स्थानीय स्तर भामाशाह परिवारों ने प्रभावना का लाभ लेकर साधर्मिक बन्धुओं का प्रभावना से बहुमान किया। इस बड़े स्तर के कार्य में कई सेवाभावी कार्यकताओं, ज्ञान वाटिका संचालिका, मण्डल कार्यकर्ता आदि ने अपनी सहरानीय व स्मरणीय सेवाएं प्रदान की। हम इस महायज्ञ में सहयोग करने वाले समस्त बन्धुओं व विद्यालयों का आभार व धन्यवाद करते है।

# मजार हजरत मुर्शिद मियां में कुरान मुकम्मल



**गुलजार आलम**

**रामपुर।** घेर पूरन सिंह स्थित मजार हजरत मौलाना मुर्शिद मियां में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। यहां हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया और समाअत की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद काशिफ ने अंजाम दी। लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की और मिठाई तकसीम की गई। कुरान मुकम्मल होने पर अल्लाह से रमजान माह में की गई इबादत को कुबूल करने की दुआ की गई और गुनाहों के लिए माफी तलब की। इस मौके पर मशकूर खां उर्फ शन्नु साहब, विंटू खां, जकी खां, नवाज खां, शमीम मियां, मतलूब खां समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक हुई संपन्न



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के जिला कार्यालय बुलंदशहर पर संगठन की समीक्षा बैठक हुई बैठक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र लोधी अध्यक्षता में की गई बैठक को संबोधित करते हुए वीर सिंह गौतम पूर्व मंत्री एवं प्रदेश सचिव प्रभारी मेरठ मंडल मेरठ ने कहा कि है संगठन को मजबूत करें और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव और जिला पंचायत चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने और आजाद समाज पार्टी की 2027 में सरकार बनाएं।

# शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी-जिलाधिकारी

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं, चकरोड कब्जा मुक्त कराने के निर्देश

**गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 12 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, पुलिस, भूमि पैमाइश, आवास, राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत अलीनगर जागीर एवं ग्राम पंचायत रसूलपुर फरीदपुर में चकरोड पर अवैध कब्जा के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर मुआयना करने तथा चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायती पत्रों को गम्भीरतापूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया जाए और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायत के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार तहसील टाण्डा में मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** तहसील धौलाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनता की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी गईं।समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, बिजली और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करें।इस अवसर पर तहसील और जनपद स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया।

# पेट्रोल-डीजल व गैस की किल्लत की अफवाह से मचा हड़कम्प, आमजन को हो रही दिक्कत

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले में ईंधन की कमी की अफवाहों के बाद गैस एजेंसियों सहित पेट्रोल पम्पों पर भीड़ बढ़ गई है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। प्रशासन ने पेट्रोल पम्प संचालकों और गैस एजेंसियों के लिए भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि कुछ लोग पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैला रहे हैं। इसके कारण लोग अनावश्यक रूप से ईंधन का भण्डारण कर रहे हैं। काफी लोग ड्रम, टैंकर या अन्य बड़े कन्टेनरों में पेट्रोल-डीजल भरवा रहे हैं, साथ ही वाहनों की टंकियां भी पूरी तरह भरकर अतिरिक्त ईंधन जमा कर रहे हैं। वहीं स्थानीय एजेंसियों पर अतिरिक्त गैस सिलेण्डर को लेने को लेकर अथाह भीड़ हो रही है, जिसको लेकर वास्तविक लोगों को दिक्कत का सामना कर रहे हैं। इस स्थिति को नियन्त्रित करने के लिए जिले के सभी गैस एजेंसियों सहित पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिये गये हैं। अब बिना किसी अपरिहार्य कारण के किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक गैस सिलेण्डर सहित ड्रम, टैंकर या बड़े कन्टेनरों में पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जायेगा। केवल सामान्य वाहनों में आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेण्डर एवं ईंधन उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। सोशल मीडिया पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर भी भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही हैं। इस सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिये हैं कि वे नियमानुसार गैस वितरण की व्यवस्था बनाये रखें। जिन उपभोक्ताओं ने विधिवत गैस बुकिंग कराई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराये जायें। एजेंसियों को लम्बित बुकिंग को प्राथमिकता देते हुए समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। आम लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी कहा कि अफवाहों के कारण अनावश्यक भीड़ और भण्डारण से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, इसलिए सभी लोग जिम्मेदारी से काम करें।





# होली मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**संजीव कुमार गुप्ता**

**इटवा(सिद्धार्थनगर)।** तहसील क्षेत्र इटवा में करहिया पुल के पास मैरिज हाल में होली समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, विशिष्ट अतिथि सुभाष त्रिपाठी पयागपुर विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मौर्या की अध्यक्षता की गई। जो संचालक सचिदानंद पाण्डेय ने किया जो सभी को बोलने का मौका देते हुए सभी मंचासीन लोगों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया।चैत्र मास में होली त्यौहार मनाने का संकल्प क्यों लिया जाता हैं। कि भक्त प्रहलाद के चरित्र को न्याय मिलने के उजागर करने के लिए सभी लोगों के मन में हर्ष उल्लास के साथ सनातन धर्म के माध्यम से होली का पर्व बड़े धुम धाम से मनाते हुए लोगों ने आपस में भाई चारा आपसी सौहार्द देखने को मिलता हैं। इसी होली मिलन समारोह कार्यक्रम में सैकड़ों संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल , सुभाष त्रिपाठी पयागपुर विधायक, भा जा पा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या,राम कुमार उर्फ चिंकू यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अवनीश जी भाई साहब,एस पी अग्रवाल, राजेंद्र दुबे, राजेंद्र पाण्डेय, जय वर्धन तिवारी, सचिदानंद पाण्डेय, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, मार्कण्डेय पाण्डेय, बब्बू तिवारी, अखंडपाल सिंह, लवकुश चौधरी, राम तेज शुक्ला,राजू पाल, शिव कुमार वर्मा,हरिशंकर त्रिपाठी, मोना पाण्डेय, राकेश शांडिल्य,राजू कसौधन, ओम प्रकाश तिवारी, शिव सागर मिश्रा, राजेश कुमार अवस्थी उर्फ कालिया बाबा,रामनिवास उपाध्याय, कारिया यादव, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, बालक राम यादव, मंतोष पाठक, सुनील पांडेय, राजेंद्र सोनी, बबलू पाण्डेय, मोनू चौधरी,प्रभात जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी का सधुवानगर आंगनबाड़ी केन्द्र हुआ उपेक्षा का शिकार

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़(सिद्धार्थनगर)।** सरकारी योजनाओं के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण व शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति कई जगहों पर दयनीय बनी हुई है, जिसमें ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी के टोला सधुवानगर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र भी उपेक्षा का शिकार होकर वर्षों से बदहाली झेल रहा है। विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत मदरहना जनूबी के टोला सधुवानगर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है।





बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाये गये इस केन्द्र की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से यह आंगनबाड़ी केन्द्र बना है, तब से ही यह लगभग निष्प्रयोज्य बना हुआ है। भवन में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है।

स्थिति यह है कि केन्द्र में न तो दरवाजा लगा हुआ है और न ही किसी प्रकार का रख-रखाव किया गया है। भवन का फर्श जगह-जगह से टूटा हुआ है, जिससे यहां बच्चों का बैठना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केन्द्र की इस बदहाल स्थिति के कारण यहां आंगनबाड़ी से जुड़ी गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। बच्चों को मिलने वाली प्रारम्भिक शिक्षा, पोषण आहार और अन्य योजनाओं का लाभ भी पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक इस आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्व ग्राम प्रधान शान्ति देवी पत्नी राम चन्दर के कार्यकाल में कराया गया था। बताया जाता है कि वर्ष 2018-19 में इस भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही इसकी देखरेख नहीं की गई, जिसके कारण आज यह केन्द्र बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों ने सम्बन्धित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत कराकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें, ताकि बच्चों और महिलाओं को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके और केन्द्र को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकें।

मामले को लेकर जब खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभूषण तिवारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। मामला दिखवाता हूँ, जांचकर कार्यवाही होगी।

# तमंचे से फायर कर युवक को घायल करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**गुलजार आलम**

**रामपुर।** वादी की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी के भाई के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने एवं जान से मारने की नीयत से तंमचे से फायर कर वादी के भाई को घायल करने के सम्बन्ध में थाना स्वार पर मु0अ0सं0- 79/26, धारा-333/115(2)/352/109(1)/351(3) बीएनएस बनाम 1.याफिस, 2. जीशान पुत्रगण नबाब दूला, 3. नबाब दूला पुत्र रफीक, 4. इरफान पुत्र इकबाल निवासीगण ग्राम जालफ नंगला थाना स्वार जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में थाना स्वार रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1.याफिस 2. जीशान पुत्रगण नबाब दूला 3. नबाब दूला पुत्र रफीक 4. इरफान उपरोक्त को ग्राम जालफनंगला मजार के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जिशान की जमातलाशी से घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस तथा अभियुक्त इरफान की जामातलाशी से घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।



# तहसील समाधान दिवस: सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का कोई कब्जा न होने पाए: डीएम

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी(सिद्धार्थनगर)।** शासन की मंशा के अनुरूप सिद्धार्थनगर जिले के बांसी तहसील में आयोजित सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का कोई कब्जा न होने पाए में जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन , वरिष्ठ पुलिस अदिशक अभिषेक महाजन ने शिरकत की। यहां आए विभिन्न तरह के मामलों की जनसुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसका निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। तहसील समाधान दिवस में जनसुनवाई के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज बाँसी तहसील में जनसुनवाई के दौरान आए मामलों में सबसे ज्यादा राजस्व के मामले आए।



कुछ मामलों का फौरन मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि बाकी मामले के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियो, कानूनगो, लेखपाल को शीघ्र से शीघ्र करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि साथ ही समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का कोई कब्जा न होने पाए और जो भी कबजे हैं उसे जल्द से जल्द और अवमुक्त कराया जाए।

# RSS की ब्रज प्रांत स्तरीय समन्वय बैठक आज आगरा में

**मयूर खान**

**आगरा।** आज आगरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ब्रज प्रांत स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित होने जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होने आ रहे हैं। बैठक में आने वाले समय की संगठनात्मक रणनीति और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रारंभिक मंथन हो सकता है। यह बैठक माल रोड स्थित होटल अमर में होगी, जिसमें संघ और भाजपा के कई शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे।

इन दिनों उत्तर प्रदेश में संघ और भाजपा के बीच प्रांत स्तरीय समन्वय बैठकों का दौर चल रहा है। इसी क्रम में कानपुर में कानपुर और बुंदेलखंड प्रांत की समन्वय बैठक आयोजित की जा रही है।

इसी श्रृंखला में आगरा में होने



वाली ब्रज प्रांत की बैठक को भी अहम कड़ी माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से संगठन आने वाले चुनावी वर्षों के लिए अपनी रणनीति को मजबूत करने के साथ कार्यकताओं को भी सक्रिय करने की दिशा में काम कर रहा है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक कल होने जा रही बैठक का एक प्रमुख एजेंडा वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन और सरकार के बीच समन्वय को मजबूत करना है। संघ और भाजपा नेतृत्व प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठनात्मक मजबूती, कार्यकताओं की सक्रियता और जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कर सकता है।

संघ के शताब्दी वर्ष को भी ध्यान में रखते हुए व्यापक सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विचार होगा। माना जा रहा है कि संघ और भाजपा मिलकर ऐसे कार्यक्रमों की योजना बनाएंगे, जिनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच मजबूत की जा सके। बैठक में भाजपा की जिला और क्षेत्रीय कार्यकारिणी के गठन पर भी चर्चा होने की संभावना है।

जिलों में लंबे समय से संगठनात्मक फेरबदल की चर्चा चल रही है, ऐसे में समन्वय बैठक के बाद कई नामों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। राजनीतिक दृष्टि से यह भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भाजपा नेतृत्व की सीधी बैठक से संगठनात्मक दिशा और रणनीति को स्पष्ट संदेश मिलेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, संघ के क्षेत्रीय प्रचारक, प्रांत प्रचारक, प्रांत संघ चालक, प्रांत कार्यवाह सहित विभिन्न कार्य विभागों के प्रांतीय प्रमुख भी भाग लेंगे।

# काजल चौहान को पूर्वा मंत्री ने दिया आशीर्वाद



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी काजल चौहान पुत्री नफे सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 403वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

काजल की इस उपलब्धि से गांव चढ़ाव सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं।शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी विरेन्द्र सिंह काजल चौहान के आवास पर पहुंचे और उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने काजल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इस अवसर पर काजल के पिता नफे सिंह सहित पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, राजपाल चौहान, तहेन्दर प्रधान, दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रधान चरण सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छाता में होली के पावन पर्व पर धूमधाम से निकाला फूलडोल मेला, लगाए छप्पन भोग



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(छाता)।** देश में होली महोत्सव केवल दो दिन मनाया जाता है लेकिन बृज में होली का उत्सव पूरे चालीस दिन मनाया जाता है। बसंत पंचमी से शुरू होकर फाल्गुन पूर्णिमा पर समापन हो जाता है। नगर के प्राचीन सिद्ध चतुर्भुज महाराज मंदिर वर्षों से चली आ रही होली के पावन अवसर पर फूलडोल मेले की परम्परा को सहेजे हुए है। जिसमें यदुवंशी चौधरी, वैश्य समाज द्वारा चौपाइयों का आयोजन किया जाता है। यदुवंशी चौधरी समाज ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ चतुर्भुज भगवान को होली के गीतों से रिझाता है। हजारों भक्तजन चौपाई देखने को मंदिर प्रांगण में उपस्थित होते है। गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया होली समापन के बाद चैत्र मास की दोज तिथि को ठाकुर जी को दिव्य गुलाब पुष्प का बंगला श्वेत श्रृंगार धारण कराया जाता है, और स्वर्ण से निर्मित मुकुट फूलडोल मेले के अवसर पर धारण करवाया जाता है, दिव्य फूलों से मंदिर को सजाया जाता है और छप्पन भोग अर्पित किए जाते हैं। परंपरागत तरीके से महिलाओं द्वारा लोकगीतों पर नृत्य किया जाता है।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय हमेशा अग्रसर है, नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश निशुल्क, टॉपर बच्चों को मिलेगा स्कॉलरशिप - सीमा सिंह

## विद्यालय के सचिव सुभाष सिंह ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को किया सम्मानित





**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पहड़िया-बेला रोड स्थित दिव्यांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सभागार में सात मार्च शनिवार को होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जिसमें देश के प्रमुख रचनाकारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा श्रीमती साधना सिंह विशिष्ट अतिथि वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीष सिंह भोला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक सीमा सिंह ने किया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद साधना सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। तत्पश्चात देश जाने माने कवियों ने अपनी हास्य की फुहार होली मिलन समारोह में उपस्थित जन समुदाय को गुदगुदा कर लोटपोट कर दिया। काव्य पाठ करने वाले कवियों में मुख्य रूप से दमदार बनारसी, नागेश शांडिल्य, डॉ सुरेश अकेला, प्रशांत बजरंगी, ओंकार शर्मा कश्यप, सादिया एकरा सहित अन्य कवियों ने एक से बढ़कर अपनी रचनाएं सुनाई। कवि सम्मेलन का संचालन दमदार बनारसी ने किया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए



विद्यालय की निदेशक सीमा सिंह एवं प्रधानाचार्य निम्मी चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में सीबीएसई की कक्षा 11वीं में विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी संकाय की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। विद्यालय की निदेशक सीमा सिंह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय हमेशा अग्रसर है साथ ही नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश निशुल्क हैं और टॉपर बच्चों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी।

# शकुंतला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय कैंप कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मनोज कुमार के संरक्षण में गांव हीमपुर बुजुर्ग में आरंभ हो गया। उन्होंने सात दिवसीय के कैम्प में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ग्राम हीमपुर बुजुर्ग के प्रधान अली वारिस ने फीता काट कर कैंप का शुभारंभ किया। कैम्प में अंजुला, अवधेश, रुपाली, पल्लवी, समीक्षा, देवेश लंबा, शिवा, सानिया परवीन, रिया सैफी आदि छात्र -छात्राओं ने बढ़कर का हिस्सा लिया। ग्राम प्रधान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो सहयोग मेरे लिए होगा मैं आपके लिए वह सहयोग करने के लिए तैयार हूं। और कहा छात्र-छात्राओं को अच्छे काम में हिस्सा लेकर समाज को प्रेरित करने का कार्य करते रहना चाहिए। जो समाज के लिए अच्छा संदेश है। इसके पश्चात। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० एच० जी० पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का तात्पर्य यही है कि हमें राष्ट्र भावना रखनी चाहिए । तथा समाज के लिए कार्य करना चाहिए इसी क्रम में उप प्राचार्या डॉ० शिवानी शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया और छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्य को याद दिलाया और कहा हमें एक जिम्मेदार नागरिक रूप में राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए । ऐसे कार्यक्रमों से समाज जागरूक होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.एड. प्रभारी दीपक सरोहा ने किया।

# दहेज हत्या के मामले में पति और सास गिरफ्तार, कपसेठी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** थाना कपसेठी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मृतका आंचल यादव के पति और सास को 6 मार्च शुक्रवार को सुबह कुरू तिराहे के पास से हिरासत में लिया। पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त गोमती जोन, अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के निर्देशन में कपसेठी पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित



अभियुक्तों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त अच्छेलाल यादव उर्फ गोरख (23) पुत्र लल्ली यादव निवासी ग्राम भगौतीपुर थाना कपसेठी तथा मुन्नी देवी (59) पत्नी लल्ली यादव निवासी ग्राम भगौतीपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ थाना कपसेठी में मुकदमा संख्या 033/2026 धारा 85/80 (2)/108 बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि दोनों को शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे कुरू तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के निदेशों का पालन किया गया तथा अभियुक्तों के परिजनों को सूचना दे दी गई। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया है।

# वृंदावन में खुला हाईटेक पर्यटन थाना, सीएम योगी ने किया उद्घाटन

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं और स्मार्ट सर्विलांस से लैस

**मनोज शर्मा**

**मथुरा।** ब्रज तीर्थ धाम में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने शनिवार को वृंदावन में नवनिर्मित पर्यटन थाने का भव्य उद्घाटन किया। यह थाना न केवल अपराध नियंत्रण, बल्कि तीर्थयात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। अनेक भाषाओं के जानकार पुलिसकर्मी और अत्याधुनिक




सुविधाएं वृंदावन का यह नया पर्यटन थाना देशी और विदेशी पर्यटकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। थाने में तैनात पुलिसकर्मी अंग्रेजी सहित कई विदेशी और प्रांतीय भाषाओं में पारंगत हैं, ताकि वे बाहरी पर्यटकों की समस्याओं को आसानी से समझ सकें। थाने में एक 24x7 सहायता केंद्र और विशाल स्वागत हॉल बनाया गया है, जहां यात्री विश्राम कर सकते हैं और जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सेफ सिटी' प्रोजेक्ट, स्मार्ट सर्विलांस और सुरक्षा का पहराः सुरक्षा के मोर्चे पर यह थाना बेहद खास है। इसे 'सेफ सिटी' प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस और स्मार्ट निगरानी प्रणाली से जोड़ा गया है। थाने में एक साइबर सेल भी बनाया गया है, जो डिजिटल ठगी और सोशल मीडिया से जुड़े मामलों पर नजर रखेगा।

# मासिक बैठक में सपा नेता आशुतोष शर्मा ने कार्यकताओं को दिए अहम सुझाव

**हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में अपनी अलग पहचान रखने वाले समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने हापुड़ जिला कार्यालय पर मासिक बैठक में हिस्सा लिया और जिला कमेटी को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आशुतोष शर्मा ने बताया हापुड़ जनपद में तीनों विधानसभा सीटों को जीतने के लिए प्रत्येक बूथ पर लोगों से मिलना होगा उनकी समस्याओं को समझना होगा और समाजवाद से समाधान कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अपने साथ जोड़ना होगा। आशुतोष शर्मा ने बताया 2027 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है इसमें समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए और माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकताओं को और समाजवादी नेताओं को दिन-रात कार्य करना




पड़ेगा। आज उत्तर प्रदेश में स्कूल बंद हो रहे हैं युवाओं को रोजगार नहीं है महंगाई चरम पर है भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा है और कानून के नाम पर सिर्फ दिखावा है अपराध पहले से बहुत ज्यादा बढ़ चुका है ऐसे में भाजपा सरकार को हटाकर समाजवादी सरकार को लाना उत्तर प्रदेश की जनता के लिए आवश्यक हो गया है आज उत्तर प्रदेश की जनता मन बनाकर बैठी है भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। आशुतोष शर्मा ने बताया आज ब्राह्मण भाजपा के खिलाफ है और प्रत्येक मंच से भाजपा का विरोध कर रहा है हापुड़ जनपद की तीनों विधानसभा में एक लाख से अधिक ब्राह्मण है और आज आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में सभी ब्राह्मण एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेंगे।

# अबीर गुलाल के रंगों में सराबोर हुआ मुकुट मुखारबिंद मन्दिर, हुरंगा में ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर नाचे हुरियारे-हुरियारिन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(गोवर्धन)।** गिरिराज नगरी स्थित प्रसिद्ध मुकुट मुखारबिंद मंदिर में शुक्रवार की शाम फाग महोत्सव के अवसर पर पारंपरिक हुरंगा का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में चारों ओर होली की उमंग और हुरंगा की मस्ती छाई रही। जैसे ही हुरंगा शुरू हुआ, आसमान से पुष्प पंखुड़ियों और अबीर-गुलाल की वर्षा होने लगी, जिससे पूरा मंदिर परिसर सतरंगी रंगों में सराबोर हो गया। ढोल, नगाड़ों और ढप की गूंजती धुनों के बीच हुरियारिन और हुरियारे झूमते नजर आए। वहीं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत चरकुला नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। श्री गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर, मानसी गंगा दसविसा ब्राह्मण समाज गोवर्धन के नेतृत्व में मंदिर सेवायतों द्वारा फाग महोत्सव बड़े





ही उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी सजावट और फूलों से बिल्कुल दुल्हन की तरह सजाया गया था। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो इस अनोखी ब्रज की होली का आनंद लेने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। ढप, ढोल और नगाड़ों की ताल पर होली के रसिया गाते-बजाते हुरियारे अपनी मस्ती में झूमते रहे। समाज गायन और हंसी-ठिठोली के बीच हुरियारों ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं, जबकि हुरियारिनों ने प्रेमभरी लाठियां बरसाकर हुरंगा की परंपरा को जीवंत कर दिया। हुरंगा के दौरान पूरे वातावरण में ह्लराधे-राधेह्व और होली के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल और भी भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया। शाम करीब पांच बजे चमकदार चुनरी ओढ़े हुरियारिनें पारंपरिक वेशभूषा में हुरंगा खेलने के लिए मुकुट मुखारबिंद मंदिर पहुंचीं। इसके बाद हुरंगा का रोमांचक दृश्य शुरू हुआ। हुरियारिनों ने लाठियों से हुला मारते हुए हुरियारों को हुरंगा खेलने के लिए ललकारा। इसी छेड़छाड़ के बीच एक हुरियारे के संकेत पर लठामार हुरंगा शुरू हुआ और हुरियारिनों ने आगे बढ़कर हुरियारों के झामों पर तड़ातड़ लाठियां बरसानी शुरू कर दीं।

# मेहदावल व धनघटा विधायकों ने किसानों को पंपसेट किए वितरित

**मुहम्मद परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर।** लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गत पूर्व निर्मित उथले नलकूप पर पंपसेट स्थापना हेतु जनपद संतकबीर नगर में पंपसेटों का वितरण कार्यक्रम खलीलाबाद में आयोजित किया गया। उक्त पंपसेट वितरण कार्यक्रम में माननीय विधायक मेहदावल अनिल त्रिपाठी जी, माननीय विधायक धनघटा गणेश चौहान जी, माननीय क्षेत्र पंचायत प्रमुख हैसरबाजार कालिंदी चौहान जी, किसान बंधु के अध्यक्ष उपेंद्र त्रिपाठी जी एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी द्वारा लाभार्थी कृषकों को पंपसेट वितरित किया गया तथा उथले नलकूप, मध्यम गहरे नलकूप एवं पंपसेट के लाभार्थी कृषकों को प्रमाणपत्र भी दिया गया।



सहायक अभियंता लघु सिंचाई अश्विनी कुमार शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 308 पंपसेट के लक्ष्य के सापेक्ष कृषकों को फील्ड मार्शल 6.5 ँस्त्र पंपसेट की आपूर्ति केंद्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत मुख्यालय स्तर से की गई है। जनपद के 238 उपस्थित कृषकों को ऑनलाइन आवेदन उपरांत कृषक अंश जमा करने की तिथि के अनुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर पंपसेट वितरण किया गया है। उक्त पंपसेट पर सामान्य जाति के कृषकों को 25200 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों को 32400 का अधिकतम अनुदान अनुमन्य है। उक्त कार्यक्रम में मध्यम गहरे नलकूप के लाभार्थी प्रवीण त्रिपाठी जी द्वारा, प्रगतिशील किसान उपेंद्र राय तथा सुरेन्द्र राय जी द्वारा अपने पंपसेट तथा उथले नलकूप योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में तथा बोरिंग तथा पंपसेट हो जाने से सब्जी आदि की खेती कर होने वाले लाभ के बारे में कृषकों को अवगत किया गया। माननीय विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान जी द्वारा अपने संबोधन में अन्नदाता कृषकों को सिंचाई एवं अन्य संसाधन हेतु समस्त संभव सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार के संकल्प से अवगत कराया गया।इस योजना से कृषक स्वयं की बोरिंग पर पंपसेट होने पर अपनी स्वेच्छानुसार व्यवसायिक फसलों का उत्पादन करेंगे, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी एवं उनके आर्थिक स्तर में सुधार होगा। उक्त के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषकों के हित में अन्य योजनाओं के बारे में भी अन्नदाता कृषकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक अनिल त्रिपाठी जी द्वारा संबोधित करते हुए अवगत कराया गया कि पूर्व में कृषकों के पास खुद की सिंचाई के साधन न होने के कारण कृषक सिंचाई व्यवस्था हेतु दूसरे पर निर्भर रहते थे, जिससे वे अपनी स्वेच्छानुसार समय से फसलों की सिंचाई हेतु अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते रहे सरकार द्वारा सिंचाई व्यवस्था हेतु उनकी आय को बढ़ाने की दृष्टिगत उक्त योजना चलाई गई है।समय पर सिंचाई हो जाने से कृषकों की पैदावार भी बढ़ी है तथा साथ में सब्जी कैश क्राप की भी खेती कर कृषकों के आय में वृद्धि हुई है। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सिंचाई के लिए बोरिंग तथा पंपसेट प्राप्त कर कृषक अत्यंत ही खुशहाल है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त उपस्थित कृषकों को पंपसेट से आवश्यकतानुसार उचित मात्रा में पानी का उपयोग करने तथा जल को बचाने से संबंधित हेतु अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि पहले सरकार द्वारा अनुदान देकर बोरिंग का कार्य कराया गया, फिर उन बोरिंगों पर जहां पर सिंचाई सुविधा, नहर ,नाला तथा बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां पर सिंचाई हेतु पंपसेट अनुदान में दिया जा रहा है।इससे नहरों तथा वर्षा पर निर्भरता अत्यंत ही कम हो जाएगी। इस अवसर पर लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता एवं बोरिंग टेक्नीशियन तथा अन्य विभागीय कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर नि:शुल्क प्रथम नेत्र जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम 08 से 14 मार्च तक

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृंदावन।** डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के अंतर्गत संचालित बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट, वृंदावन द्वारा विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर 08 से 14 मार्च 2026 तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को ग्लूकोमा (काला मोतिया) जैसी गंभीर आंखों की बीमारी के प्रति जागरूक करना है। अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. हर्षित अग्रवाल के अनुसार ग्लूकोमा आंखों की एक ऐसी बीमारी है जिसमें आंख की नस को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचता है। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए तो यह स्थायी अंधापन का कारण बन सकता है।यह बीमारी शुरूआती चरण में बिना किसी लक्षण के भी हो सकती है, इसलिए नियमित नेत्र जांच अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अस्पताल द्वारा मरीजों के लिए नि:शुल्क प्रथम नेत्र जांच, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉक्टरों ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, मधुमेह या उच्च रक्तचाप के मरीजों तथा जिनके परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास है, उन्हें समय-समय पर अपनी आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। अस्पताल के वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और समय पर जांच कराकर अपनी दृष्टि को सुरक्षित रखें। 'जल्दी पहचान और नियमित जांच ही ग्लूकोमा से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।' इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी, डॉ. करनप्रीत, डॉ. निधि राघव, डॉ. अनीजा नागपाल, डॉ. हर्षित अग्रवाल, डॉ. महक ठाकुर, मुकेश कुमार, मनोज चौधरी, राजबाबू, लखन लाल आदि रहे।

## बढ़नी क्षेत्र में बिक रहा तमाम नकली ब्राण्ड का बन्द बोतल पानी, लोगों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी(सिद्धार्थनगर)।** बोतल बन्द पानी को अक्सर सुरक्षित माना जाता है, लेकिन यह पूरी तरह से पीने योग्य या स्वास्थ्यवर्धक नहीं हो सकता है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि प्लास्टिक की बोतलों से हानिकारक रसायन, भारी धातुएं (जैसे एन्टीमनी) और माइक्रोप्लास्टिक पानी में मिल सकते हैं, जो हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं। लम्बे समय तक भण्डारण से भी पानी की गुणवत्ता खराब हो सकती है, जबकि बोतल बन्द पानी आज-कल शादी-विवाह आदि किसी भी पार्टी कार्यक्रम के दौरान अक्सर देखने को मिलता है, जो एक फैशन बन गया है। बोतल बन्द पानी की भारी डिमाण्ड होने से ज्यादातर होटल व छोटी-छोटी दुकानों पर तमाम तरह ब्राण्डेड नामों से मिलता जुलता घटिया क्वालिटी का पानी बोतल बिक रहा है। जो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है, लेकिन लोगों को इसके पीछे की वजह का पता नहीं चल पा रहा है। आपको बताते चलें अभी कुछ दिनों पहले उत्तर प्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने बोतल बन्द पानी की 39 कम्पनियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके बोतल बन्द पानी की बिक्री और सप्लाई पर रोक लगा दी है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद इन कंम्पनियों से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि नमूनों की जांच में पानी पीने योग्य नहीं पाया गया है। इसका उपयोग लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। एफएसडीए ने मिनरल वाटर, पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर और गैर एल्कोहलिक पेय पदार्थ में गड़बड़ी की शिकायतों पर विभिन्न जिलों में अभियान चलाया था। लेकिन बढ़नी क्षेत्र में इस अभियान का कोई असर नही दिख रहा है। यहां धड़ल्ले से तमाम कंपनियों के घटिया क्वालिटी की बन्द बोतलें पानी बिक रही है। लेकिन विभाग के लोग इस चीज से अंजान बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे डीलर और दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की है।



## डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनता की समस्याएं



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील धनघटा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए ।राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## जिला जज ने आहूत की आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की समीक्षा बैठक



**मु. परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह ने सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों के बावत बैठक आहुत किया। श्री रणधीर सिंह ने अधिकारियों को बताया की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने समस्त न्यायिक अधिकारियों से निर्देश दिया कि वह अपने-अपने कोर्ट में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। तथा लोक अदालत में प्रतिभाग करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पक्षकारों को नोटिस तामिला करवाया जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा पम्पलेट वितरण एवं अन्य माध्यम से कराया जा रहा है। जिला जज ने समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का निस्तारण करें।

बैठक में अपर जिला जज प्रथम श्री गजेंद्र, स्पेशल जज एससीएसटी देवेन्द्र नाथ गोस्वामी, नोडल ऑफिसर कृष्ण कुमार-पंचम, सीजेएम चेतना त्यागी, एसीजेएम संजय राज पांडे, सिविल जज जूनियर डिवीजन भारती तयाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कसौधन, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, नरेंद्र कुमार कसौधन, सिविल जज जू0डी0 एफटीसी अभिनव त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## नाना-मामा पर मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**कांधला( मोहसिन रहमानी )।** नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने नाना और मामा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शनिवार को मोहल्ला खेल निवासी महिला सम्मो ने थाने पर पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी हरियाणा के गन्नौर में हुई है। उसका कहना है कि उसके नाना और मामा का घर भी पास में ही है। आरोप है कि दोनों उसे अपने पास रखना चाहते हैं, जिस कारण आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं।पीड़िता ने बताया कि किसी तरह वह अपनी जान बचाकर मायके पहुंची। इसके बाद उसने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## थाना दुधारा पुलिस ने युवती को शादी को झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया )।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुधारा उ0नि0 वीर बहादुर यादव, का0 गुड्डू यादव ने मु0अ0सं0 409/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना दुधारा के मामले में वांछित अभियुक्त जय प्रकाश गौड़ पुत्र स्व0 विश्वनाथ गौड़ निवासी असनार थाना शिव नगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर को कठिनइया पुलिया से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## जतीपुरा कदमखंडी आश्रम के महंत बने चैतन्य कृष्ण दास

### भक्ति एवं सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे - चैतन्य कृष्ण दास

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(गोवर्धन)।** गिरिराज महाराज की तलहटी जतीपुरा स्थित कदमखंडी आश्रम में आयोजित महंताई समारोह में चैतन्य कृष्ण दास परिक्रमा वाले बाबा को आश्रम का नया महंत बनाया है। कदमखंडी आश्रम के नए महंत का स्वागत मुख्य अतिथि श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज एवं विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने किया। महंत केशव दास ने बताया कि गौडीय वैष्णव विरक्त परम्परा में प्राचीन समय से ही कदमबखंडी आश्रम में बृजवासियों से माधुकरी कर साधुसंतो ने भजन ध्यान किया है। भक्ति एवं सेवा की भावना को नए महंत चैतन्य कृष्ण दास आगे बढ़ाएंगे। विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि महंत बने चैतन्य कृष्ण दास परिक्रमा वाले बाबा बृज की विभूति हैं। उनके अनुसरण में संत गिरिराज जी की तीन व दो परिक्रमा करते हैं। कदमबखंडी के नए महंत बने चैतन्य कृष्ण दास बाबा ने बताया कि जगदानंद दास के गोलोकवासी होने के बाद आश्रम में सेवा की जिम्मेदारी दी है। वे इसे संत सेवा एवं भक्ति की भावना से आगे बढ़ाएंगे। संचालन कृष्ण दास महाराज ने किया। इस अवसर पर कृष्ण पद दास, पतित पावन दास, कृपा सिंधुदास, राधे श्याम दास, विजय शास्त्री, श्रीधाम दास, प्रदीप दास, परितोष दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष परशुराम सिंह, पंकज ठाकुर, भानु पाराशर, बिहारी दास, वासुदेव दास आदि थे।



## नारी शक्ति अबला से आत्मनिर्भर मंजुला बिष्ट प्रधानाध्यापिका

**हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में भारतीय इतिहास ने नारी शक्ति को हमेशा नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। अबला समझी जाने वाली नारी ने गार्गी वाचक्नवी, मैत्रेयी की तरह शास्त्रार्थों से पुरुषों को ललकारा और आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया। वेद काल की ब्रह्मवादिनी गार्गी ने याज्ञवल्क्य को बौद्धिक द्वंद्व में हराया, जबकि मैत्रेयी ने ३मैं धन से प्रेम नहीं, अमरत्व से प्रेम करती हूँ३ कहकर देह से ऊपर उठ आध्यात्मिक ऊँचाई चुनी। लोपामुद्रा ने ऋग्वेद के मंत्र रचे, जहाँ नारी ने मानसिक रूप से प्रभुत्व स्थापित किया।

आधुनिक युग में सावित्रीबाई फुले ने 1848 में लड़कियों का पहला स्कूल खोलकर आर्थिक-सामाजिक आत्मनिर्भरता का बीज बोया। ताराबाई शिंदे का 'स्त्री पुरुष तुलना' पितृसत्ता पर पहला नारीवादी प्रहार था। सुचेता कृपलानी पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं, तो कमला सोहोनी ने बायोकेमिस्ट्री में पहली भारतीय पीएचडी से वैज्ञानिक मन की प्रबलता सिद्ध की। ये महिलाएँ सिद्ध करती हैं कि नारी देह की सीमाओं से ऊपर उठकर आध्यात्मिक और मानसिक रूप से अति बलवान बन सकती है।



## एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में नए शैक्षणिक सत्र में पहली अप्रैल से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन कार्य

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जिले के प्रतिष्ठित एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 अप्रैल से प्रारम्भ होगी । नए सत्र में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं विद्यालय में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराये। रजिस्ट्रेशन कराए हुए छात्र छात्राओं के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राएं ही आगामी कक्षाओं में अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र समय से और सुचारू रूप से संचालित कराने के प्रति विद्यालय परिवार पूरी तरह संकल्पित है। बच्चों के नैसर्गिक क्षमता को निखारने के लिए नामांकन से लेकर परीक्षा तक विद्यालय परिवार पूरी निष्ठा और सुचिता का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों को लगातार संचालित किया जाता रहा है। । उन्होंने इच्छुक अभिभावकों से अपील किया कि संस्थान में नामांकन के लिए अपने पाल्यों का रजिस्ट्रेशन समय से करा लें, जिससे बच्चे प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर अपने प्रवेश का मार्ग सुनिश्चित कर सकें।



## अपने देश में महिलाओं के योगदान और उनके अधिकारों को सम्मान देने कार्य करे संजीव भारद्वाज

**हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के योगदान और उनके अधिकारों को सम्मान देने के लिए है। महिला दिवस पर कोई भी कार्यक्रम याद दिलाता है कि समाज में महिलाओं का सम्मान और सहयोग कितना जरूरी है। हर साल 8 मार्च को महिलाओं और उनकी कामयाबियों को सम्मान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह शिक्षा, काम, कल्चर और समाज में महिलाओं के योगदान को पहचानने का एक खास दिन है। यह दिन 1900 के दशक की शुरूआत में शुरू हुआ और बाद में यूनाइटेड नेशंस के सपोर्ट से एक ग्लोबल इवेंट बन गया। इस दिन स्कूल, कॉलेज और अन्य जगह भी आयोजन होते हैं। छात्रों के लिए निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं भी होती हैं।यह सर्वदा सत्य है कि जहां नारी मुस्कुराती है, वहां खुशियों का संसार बस जाता है, नारी का सम्मान, समाज की असली पहचान है। नारी के सम्मान मे महिला दिवस मनाया जाता है। यह परिवार, स्कूल, नौकरी और समाज में महिलाओं के काम के लिए उनका सम्मान करने और उन्हें सम्मान देने का एक खास दिन है। इस दिन लोग महिलाओं के अधिकारों और बराबरी के बारे में बात करते हैं। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अद्भुत काम किया है, और यह दिन हमें उनका समर्थन करने और उनका सम्मान करने की याद दिलाता है। महिलाओं की खुशी और सफलता परिवारों और समाज को मजबूत बनाती है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समाज में उनके योगदान और लैंगिक समानता की आवश्यकता को बताता है। इतिहास में देखें तो महिलाओं को समाज में बराबरी का स्थान पाने के लिए लंबे संघर्ष करने पड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत 20वीं शताब्दी में हुई थी। 8 मार्च 1908 को न्यूयॉर्क में 15,000 महिलाओं ने अच्छे कामकाजी हालात, कम घंटे और वोट देने का अधिकार मांगने के लिए प्रदर्शन किया था। बहुत से लोगों ने इस दिन को महिलाओं के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बनाने का प्रस्ताव रखा। तब से हर साल 8 मार्च को दुनिया भर में महिलाओं के योगदान और अधिकारों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। शिक्षा में असमानता- आज महिलाएं कई क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं लेकिन फिर भी वह कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। कई जगह लड़कियों को शिक्षा के समान अवसर नहीं मिलते। सुरक्षा और हिंसा- कई महिलाओं को घर, स्कूल या कार्यस्थल में हिंसा और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। सामाजिक और पारिवारिक दबाव- कुछ परिवार और समाज महिलाओं से केवल घरेलू जिम्मेदारियां निभाने की उम्मीद रखते हैं।



# अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री के स्वागत की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**बुलंदशहर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के प्रस्तावित बुलंदशहर दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह जानकारी अपना दल (एस) बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने स्याना स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक के दौरान दी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है। उन्होंने कहा कि ह्लकार्यकताओं से सत्ता है, सत्ता से कार्यकर्ता नहीं ।ह्व जिस प्रकार पार्टी का कारवां लगातार बढ़ रहा है, उससे वह दिन दूर नहीं जब अपना दल (एस) उत्तर प्रदेश की नंबर वन पार्टी बनेगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल सड़क से लेकर संसद तक समाज के दबे-कुचले और पिछड़े वर्गों की आवाज मजबूती से उठा रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज पार्टी उत्तर प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन के लगातार विस्तार के साथ वर्ष 2027 में पार्टी और मजबूत होगी। जिला अध्यक्ष ने आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर भी कार्यकर्ताओं से अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी जिला पंचायत की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बैठक के दौरान सदस्यता अभियान चलाकर कई पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सैन, जिला महासचिव खालिक अंसारी, संगीता तोमर, अनुसूचित जाति-जनजाति मंच के जिला अध्यक्ष भूप सिंह प्रधान, अल्पसंख्यक मंच के जिला अध्यक्ष हामिद अली सैफी, किसान मंच के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, महिला मंच की जिला अध्यक्ष खुशी सागर, बौद्धिक मंच के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, चिकित्सा मंच के जिला अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित डॉ. राम सिंह, दीपक गौतम, कपिल गौतम, शिवकुमार लोधी, नितिन कुमार, प्रतीक भारद्वाज, जितेंद्र लोधी, सतीश लोधी, रोहित कुमार, जितिन कुमार, धर्मवीर सिंह, मोहम्मद जाहिद, प्रशांत कुमार, गौरव कुमार, ललित कुमार, सुरेंद्र कुमार, इरफान अली, अकील भाटी, रफीक कुरैशी, नरेंद्र कुमार, दुष्यंत कुमार, अर्जुन सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, हाजी नईम, राजेंद्र बाल्मीकि, मुन्ना अहमद अल्वी, सुरेंद्र लोधी, राजीव कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने की तथा संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया।

# होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीकः अदिति सिंह पटेल

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी (वेलकम इंडिया)।** मेहंदीगंज स्थित स्वाभिमान स्थल जो कि भाजपा विधायक नील रतन पटेल 'नील' का कैंप कार्यालय है पर होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, कार्यकताओं और समर्थकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक की बेटी एवं विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करते हैं।

विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने सभी से आग्रह किया कि होली के इस पावन पर्व पर आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक नील रतन पटेल 'नील' तथा अदिति सिंह पटेल को होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। होली मिलन सम्मान समारोह में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक, रामविलास पटेल, मनोज कुमार दुबे, पप्पू सिंह, विकास सिंह, प्रीतम शुक्ला, शैलेंद्र सिंह पिंटू, उमेश उपाध्याय, चंद्रभान सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, आशीष मोदनवाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया




**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील खुर्जा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 39 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ सुनील कुमार दोहरे उप जिलाधिकारी खुर्जा प्रतीक्षा पांडेय, सीओ खुर्जा शोभित, तहसीलदार सचिन कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे की अचानक सड़क धंसने से मची दहशत



**डिबाई।** डिबाई के नेशनल हाईवे 509 पर बडा हादसा होते होते बचा नेशनल हाईवे 509 पर पिछले पांच – छः सालों से लगभग दो दर्जन से अधिक जगहों पर पानी की पाईप लाईन लीकेज हो रही हैं जिससे लाखों लीटर पीने का पानी बर्बाद तो हो ही रहा है अन्दर ही अन्दर सडक भी खोखली होती जा रहीं हैं ।जिसकी तमाम शिकायतें भी की जा चुकी हैं ।लेकिन सिस्टम है कि कुम्भकर्णी नींद में सोया हुआ है ।जो किसी बडे सडक हादसे का इन्तजार कर रहा है ।ऐसा ही एक मामला सामने आया है डिबाई के पैठ चौराहे से जहां सिस्टम की लापरवाही के चलते नेशनल हाईवे की सडक लगभग आठ फीट धंस गई ।गनीमत रही कि जिस वक्त सडक धंसी उस वक्त सवारियों से भरी एक बस पास से ही होकर गुजरी थी ।जिससे बडा हादसा होते होते बाल बाल बच गया ।अब देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में लापरवाह अधिकारियों पर योगी आदित्यनाथ बाबा की सरकार का क्या एक्शन होगा ???

### जमीनी विवाद में घायल फौजी के पिता ने कराया 29 पर मुकदमा दर्ज पुलिस जांच में जुटी

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद डडवा में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार को फौजी के साथ लाठी, डंडे और धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुए घटना को अंजाम दिया गया था। कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने बताया कि घायल फौजी लेखपाल के पिता वेदपाल सिंह पुत्र विजयपाल सिंह निवासी मुस्तफाबाद डडवा के द्वारा एक तहरीर दी गई है। जमीन के विवाद को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है विपक्षी गण के द्वारा सूचना देकर बंटवारे की बात करते हुए फौजी को विवादित खेत पर बुला लिया और फौजी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया उसके बाद फौजी के पिता वेदपाल ने प्रदीप व कुलदीप पुत्रगण इंद्रपाल सिंह, सिकंदर पुत्र प्रदीप, धीरेंद्र पुत्र सतवीर, खैरपुर निवासी मनोज, विनय कुमार पुत्र रामवीर सिंह, व विनय के तीन भतीजे निवासी डूंगरा जाट थाना जहांगीराबाद सहित नौ नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। हालांकि कोतवाली पुलिस द्वारा जांच कराई जा रही है जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने गायब मोबाइल खोजकर वापस दिलवाया



**मिजार्मुराद कछवारोड़ (संदीप तिवारी)।** मिजार्मुराद पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से शनिवार की सुबह गायब हुई मोबाइल को खोजकर एक युवती व एक पुरुष को पुलिस ने सुपुर्द कर दिया ।मिजार्मुराद थाने के एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासिनी युवती राधा देवी का कुछ दिन पूर्व मोबाइल खजुरी से वापस घर जाते समय बैग से गिरकर खो गया था युवती द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाया गया था और दूसरा जौनपुर जिले के जलालपुर निवासी रईस अहमद का भी मोबाइल जेब से दो महीना जाते समय मोबाइल गिर गया था ।जिसकी शिकायत दोनों पीड़ितों द्वारा मिजार्मुराद थाने किया गया था पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगी थी मोबाइल मिलते ही दोनों लोगो को दे दिया गया ।दोनों ने पुलिस का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया ।बताते चले कि इधर कुछ दिनों मिजार्मुराद पुलिस कई लोगो की गायब मोबाइल खोज दी है।

### विधायक स्वाभिमान कार्यालय पर मनाया गया होली मिलन समारोह, जमकर उड़े अबीरः गुलाल



**मिजार्मुराद (संदीप तिवारी)।** सेवापुरी भाजपा विधायक नील रतन सिंह पटेल 'नीलू' के स्वाभिमान कार्यालय खजुरी में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें विभिन्न गांवों और कस्बों से आए सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी ।समारोह का आयोजन विधायक पुत्री/प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल द्वारा किया गया था ।विधायक पुत्री ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे सभी वर्गों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर मनाना चाहिए ।होली गीतों की धुन पर विधायक पुत्री समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता लोग भी झूमते नजर आए ।कार्यक्रम में गुझिया, चिप्स–पापड़, व खाने की व्यवस्था भी किया गया था जिसका सभी ने लुफ्त उठाया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवापुरी भाजपा पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह, वंदना सिंह पटेल, पत्रकार शैलेन्द्र सिंह 'पिंटू', पत्रकार उमेश उपाध्याय, पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', त्रिपुरारी यादव, जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह, रामविलास पटेल आदि मौजूद रहे।

# सिविल सेवा परीक्षा में 21वीं रैंक प्राप्त करने वाले पूर्व छात्र शुभम सिंह का संत अतुलानंद विद्यालय में हुआ सम्मान

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी (वेलकम इंडिया)।** संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के लिए उस समय गौरव का क्षण उपस्थित हुआ जब विद्यालय के पूर्व छात्र शुभम सिंह जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में इस वर्ष 21वीं अखिल भारतीय रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है का विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि शुभम सिंह कक्षा चार से संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्र रहे हैं तथा वर्ष 2009 बैच के पास आउट हैं आप इसके पूर्व भी सिविल सेवा परीक्षा में दो बार सफलता प्राप्त कर चुके हैं और निरंतर अपनी रैंक में सुधार करते हुए इस वर्ष 21वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति में शुभम सिंह का विधिवत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उनसे संवाद करते हुए उनकी तैयारी, संघर्ष और सफलता के अनुभवों को जाना, जो उपस्थित सभी छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। विद्यालय की संरक्षिका विद्या सिंह ने शुभम सिंह को उनकी सफलता हेतु बधाई देते हुए अपना शुभाशीष प्रदान किया। संस्था सचिव राहुल सिंह ने इस उपलब्धि को विद्यालय ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

प्रधानाचार्य डॉ.नीलम सिंह तथा निदेशिका डॉ.वंदना सिंह एवं उपनिदेशक आयुष्मान सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त प्रेरणा भी है। इस अवसर पर शुभम सिंह ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, परिश्रम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय परिवार ने शुभम सिंह की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी देश और समाज के प्रति अपनी सेवाओं से विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को एसडीएम अरुण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मात्र 77 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मात्र 10 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया। शेष बची 67 शिकायतों के समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के आदेश दिए गए हैं। इस मौके पर तहसीलदार गौरव बिश्नोई नायब तहसीलदार मरियम खातून बीडीओ पहासू नरेंद्र कुमार शर्मा एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह कानून गो नरेंद्र कुमार रूप सिंह विक्रम सिंह पहासू ब्लॉक आरईएस जेई संजय कुमार शिक्षा विभाग से प्रतिनिधि महेंद्र सिंह महेश कुमार राज सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# क्रियावली की बेटी सेना में भर्ती ग्रामीणों ने बैंड बाजों से किया ड्यूटी पर जाने को विदा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव क्रियावली निवासी सतीश कुमार की बेटी खुशी शनिवार को ड्यूटी पर जाने को तैयार हुई तो ग्रामीणों ने बैड बाजों और डीजे की धुन पर डांस कर विदा किया। जानकारी के अनुसार बेटी खुशी जब वतन की रक्षा के लिए ड्यूटी पर जाने को तैयार हुई तो ग्रामीणों ने घर के दरवाजे से ही बैड बाजे व डीजे पर डांस करते सारे गांव के मुख्य रास्तों से नाचते गाते गांव के बहार बुगरासी स्याना मार्ग पर बस स्टैंड केला मोड तक विदा करके आये।

खुशी से हुई वार्ता में उसने बताया कि मैं आज देश की सेवा करने जा रही हूं अगर देश की सेवा करते अगर जान भी देनी पडी तो खुशी खुशी दे देगी ।इससे पहले खुशी ने अपने परिजनों के साथ डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर आर्शिवाद प्राप्त किया ।खुशी को विदा करते समय मानो गांव में किसी की बारात चढ़ रही हों,, बच्चा बच्चा खुशी नजर आ रहा था।

मानों गांव में खुशियों की बरात चढाई जा रही हो ।खुशी के पिता सतीश कुमार का कहना है कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है।

# प्रतापगढ़ में फैमिली आईडी योजना का लक्ष्य पूरा, 1.41 लाख परिवारों को मिली पहचान

**विजय द्विवेदी**



**प्रतापगढ़ (वेलकम इंडिया)।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी ने बताया है कि प्रदेश में संचालित लाभार्थी परक योजनाओं के बेहतर प्रबन्धन, समयबद्ध, लक्ष्यीकरण, योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आच्छादन एवं जनसामान्य हेतु सरकारी सुविधाओं के सरलीकरण के उद्देश्य से फैमिली आई0डी0 (एक परिवार एक पहचान )योजना संचालित है। इसका उपयोग शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/सेवाओं के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु किया जाना है ताकि पात्र लाभार्थियों का पहचान कर उन्हे लाभार्थीपरक योजनाओं से आच्छादित किया जा सके। शासन द्वारा फैमिली आई0डी0 कार्ड हेतु जनपद को प्राप्त लक्ष्य 141073 के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति कर ली गयी है। भविष्य में शासन द्वारा फैमिली आई0डी0 कार्ड से लाभान्वित परिवारों को प्रदेश द्वारा संचालित स्टेट सेक्टर की डायरेक्ट बेनेफिट ट्रान्सफर (डीबीटी) योजनाओं तथा सेवाओं में फैमिली आई0डी0 से शत-प्रतिशत आच्छादित किये जाने की मंशा है। उदाहरणस्वरूप फैमिली आई0डी0 से आच्छादित परिवार के किसी एक सदस्य का जाति प्रमाण पत्र निर्गत होने के उपरान्त शासनादेश के अनुसार परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा फास्ट ट्रैक मोड में आवेदन किये जाने पर दो कार्य दिवस के भीतर जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की व्यवस्था ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर की गयी है।

# गढ़ विधानसभा में नैना गुर्जर की ओर से राठी फार्म हाउस में भव्य इफ़्तार पार्टी का आयोजन





**राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़ (वेलकम इंडिया)।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए क्षेत्र की लोकप्रिय नेता नैना गुर्जर द्वारा राठी फार्म हाउस में भव्य इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, रोजेदारों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने शिरकत की ।इफ़्तार के समय सभी धर्मों के लोग एक साथ बैठे नजर आए, जिसने क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मगरीब की अजान होते ही रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला और देश व प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआ की ।इस मौके पर नैना गुर्जर ने सभी को पवित्र माह रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि 'रमजान का महीना हमें इंसानियत, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इफ़्तार जैसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। हमारा प्रयास है कि गढ़ विधानसभा में सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिलजुल कर प्रेम और सौहार्द के साथ रहें। क्षेत्र की जनता की सेवा और उनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहना ही मेरी प्राथमिकता है।'

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना भी जरूरी है और ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी विश्वास और एकता को बढ़ाते हैं ।कार्यक्रम में नीरज पाल गुर्जर (राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी), बबलू गुर्जर, आमिर चौधरी, वकार चौधरी, अब्दुल मालिक, आस मोहम्मद, फारूक मलिक, हेमंत गुप्ता, मोहित गुर्जर, रोहित कसाना, आकिब चौधरी, सलमान, वसीम अब्बाशी सहित बड़ी संख्या में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु मौजूद रहे ।राठी फार्म हाउस परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और रोजेदारों व मेहमानों के लिए इफ़्तार और भोजन की बेहतर व्यवस्था की गई थी।

पूरे कार्यक्रम के दौरान भाईचारे और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

# साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ मौर्य का 227वाँ रक्तदान संपन्न



**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सौरभ मौर्य ने एक और सराहनीय कार्य करते हुए अपना 227वाँ रक्तदान सफलता पूर्वक संपन्न किया। इस उपलब्धि में अब तक 55 बार व्होल ब्लड डोनेशन और 172 बार प्लेटलेट डोनेशन शामिल हैं। वाराणसी स्थित कैंसर हॉस्पिटल में भर्ती एक मरीज के लिए डॉ.सौरभ मौर्य द्वारा प्लेटलेट दान किया गया। इसके साथ ही मरीज की सहायता हेतु उन्होंने दो यूनिट ब्लड की अतिरिक्त व्यवस्था भी करवाई जिससे जरूरतमंद मरीज को समय पर उपचार मिल सके। इस संबंध में डॉ.सौरभ मौर्य ने बताया कि सेंट्रल बार एसोसिएशन वाराणसी के पूर्व अध्यक्ष विवेक शंकर तिवारी का उन्हें देर रात फोन आया था उन्होंने अपने एक परिचित मरीज के बारे में जानकारी दी, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उन्हें तत्काल प्लेटलेट और रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही डॉ.मौर्य ने बिना देर किए आज अस्पताल पहुंचकर प्लेटलेट दान किया और अतिरिक्त रक्त की व्यवस्था भी कराई। डॉ.सौरभ मौर्य लंबे समय से स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय हैं और साधना फाउंडेशन के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं उनके इस कार्य से न केवल अनेक मरीजों को जीवनदान मिला है।

# सीबीएसई के स्कूलों में किताबों की मनमानी को लेकर के कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## सीबीएसई के स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की किताबें लागू हो: सुनील शर्मा

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर।** तहसील मे सम्पूर्ण समाधान दिवस में कांग्रेस नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गई कि तहसील मोदीनगर क्षेत्र में संचालित अनेक सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 12 तक प्राइवेट पब्लिकेशन की महंगी किताबें जबरन थोपी जा रही है, कुछ स्कूल पूरी तरह प्राइवेट किताबें लगते हैं जबकि अन्य में कुछ एनसीईआरटी और बाकी प्राइवेट।

यह कमीशन खोरी का स्पष्ट मामला है। इसमें अभिभावकों पर भारी आर्थिक बोझ डालकर बेहतर शिक्षा की आड़ में उनका जबरन आर्थिक शोषण किया जा रहा है इससे शिक्षा की एकरूपता भंग हो रही है और छात्र परीक्षा में भ्रमित हो रहे हैं क्योंकि 10वीं व 12वीं के सिलेबस एनसीईआरटी पर आधारित है सीबीएसई सर्कुलर के अनुसार नर्सरी से कक्षा 12 तक मुख्य पाठ्य पुस्तकें एनसीईआरटी या उपलब्ध हो अनिवार्य है प्राइवेट स्कूलों का यह कृत्य आरटीआई एक्ट 2009 एवं कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 का भी उल्लंघन है।

मोदीनगर तहसील के सभी सीबीएसई स्कूलों में 2026-27 सेशन से नर्सरी से कक्षा 12 तक केवल एनसीईआरटी किताबें सख्ती से अनिवार्य की जाएं और प्राइवेट किताबों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उल्लंघन करने वाले समस्त स्कूलों पर तत्काल भारी जुमार्ना आरोपित कर संबद्धता निलंबित/समाप्त की जाए।

अभिभावकों को रिफंड सुनिश्चित किया जाए एवं अभिभावकों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए। यदि प्रशासन द्वारा एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य रूप से नहीं लगवाया जाता तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा पीसीएस सदस्य उत्तर प्रदेश ,चांद वीरचौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर ,श्रीमती कल्पना सिंह शहर अध्यक्ष ,महिला विभाग, पवन देव कोरी ,भिखारी लाल कश्यप ,ओमपाल शर्मा, जगपाल सिंह चौधरी ,राकेश चौधरी, शिव कुमार सेन ,राकेश सोनी, बबीता चौधरी, वेद प्रकाश कोरी, संजय शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित है।

# लोचन चौधरी के आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति पर दी बधाई



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** मोदीनगर संतपुरा निवासी वीरेंद्र चौधरी के पुत्र लोचन चौधरी आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया एवं शहर के लोगों ने उन्हें बधाई दी।

जिसकी प्रारंभिक शिक्षा यही छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी वह सैंट टैरेसा अकैडमी मोदीनगर से हुई है।

# अतिक्रमण हटाने को पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने संगठन ने सौंपा ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर।** स्थानीय गोयल पुरी कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी वासियों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज न किए जाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा करीब ढाई माह पूर्व तोड़ी गई अवैध दीवार का मलबा अभी तक मौके पर ही पड़ा हुआ है। इस बीच कथित अतिक्रमणकर्ता पर मोहल्ले की महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और पुलिस प्रशासन पर कॉलोनी वासियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कौशिक ने प्रशासन को चेतावनी दी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 99 शिकायतों में से सिर्फ तीन का निस्तारण



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** एडीएम की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 99 शिकायतें प्राप्त है। जिसमें से मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर किसानों की समस्या के अलावा विभिन्न विभागों तहसील, नगर पालिका, बिजली, पुलिस से संबंधित लगभग 99 शिकायतें आई। जिनमें से मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों के लिए शीघ्र निस्तारण के लिए भेजा गया। एडीएम ने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समय से समस्याओं के निस्तारण के लिए कहा तथा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की बात की। इस दौरान एसडीएम अजीत कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा, विद्युत विभाग एवं पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट द्वारा भोजपुर ब्लॉक के कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल में एक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। शनिवार को कीड़ा प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

यह प्रतियोगिता 6 से 8 तक कक्षा के बच्चों के लिए थी । तीनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार में स्कूल बैग, पेन, रजिस्टर दिए गए। अध्यापकों को दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया।

120 बच्चों को केक एवं बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट रेनू मित्तल, ट्रेजर राधिका माहेश्वरी, अनुराधा मित्तल एवं रुचि त्यागी के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफलता पर दी शुभकामनाएं



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव लोकेश कटारिया के सुपुत्र विवेक कटारिया, निवासीः-पटेल नगर-द्वितीय गाजियाबाद को यू.पी.एस.सी सिविल सर्विसेज परीक्षा में आल इंडिया रैंक -845 वें स्थान की सफलता पर व गजेंद्र शर्मा के पुत्र सात्विक शर्मा निवासी पटेल नगर-द्वितीय गाजियाबाद को 327 रैंक पर सफलता प्राप्त करने पर दोनों बच्चों व उनके माता पिता व परिवार को शुभकामनाएं/बधाई और आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त की गयी।

इस शुभ मौके पर लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, जिला महासचिव मुनींद्र बिल्ला, जिला महासचिव दीपू शर्मा, मनोज त्यागी ,देवी राम, सुधीर बाहुबली , शिव त्यागी, राजेश कटारिया ,लोकेश कटारिया व गुड्डू हसनपुर, गजेंद्र शर्मा , मौजूद रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर चला जागरूकता अभियान

## पुलिस और परम सेवा संस्थान ने महिलाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को थाना विजयनगर क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सहायक पुलिस आयुक्त (नगर) उपासना पाण्डेय, थाना विजयनगर पुलिस टीम तथा सामाजिक संस्था परम सेवा संस्थान के संयुक्त प्रयास से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सीधे संवाद कर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा के तरीकों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को यह भी जानकारी दी कि किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीडऩ की स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए कई योजनाएं और सुविधाएं संचालित कर रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त उपासना पाण्डेय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं को न केवल अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, बल्कि उन्हें अपने आत्मविश्वास और साहस को भी मजबूत बनाना चाहिए।

उपासना पाण्डेय ने कहा महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और मदद के लिए तत्पर है। जब महिलाएं शिक्षित और जागरूक होंगी, तभी समाज सही मायनों में सुरक्षित और सशक्त बन सकेगा। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बेटियों को सामाजिक तथा कानूनी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ खड़ी हो सकें। उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान उन्हें आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों, आपातकालीन सहायता सेवाओं और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कहीं किसी महिला के साथ अन्याय या उत्पीड़न होता है तो वह कानूनी रूप से किस प्रकार न्याय प्राप्त कर सकती है। साथ ही छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। परम सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाओं को सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी बढऩे से ही वास्तविक विकास संभव है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में 'एसजीयू स्पर्धा 2026' का समापन, विजेता खिलाडियों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'एसजीयू स्पर्धा वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का समापन शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। यह समारोह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सेमिनार कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। समारोह में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति नितिन अग्रवाल, संचालन मंडल सदस्य राजीव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रति कुलाधिपति (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा कुलसचिव डॉ. राजीव रतन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# महिला शक्ति को सलाम: न्यायालय परिसर में हुआ भव्य सम्मान समारोह



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश विनोद सिंह रावत ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। अतिथियों का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके बाद जनपद न्यायाधीश विनोद सिंह रावत तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। समारोह के दौरान महिलाओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर भी विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी और जागरूकता स्टॉल भी लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से आगंतुकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र लोगों से योजनाओं के लिए आवेदन भी कराए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिकारी और महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरे समारोह के दौरान महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# दादरी को मिली बड़ी सौगात: 16 करोड़ की लागत से जी.टी. रोड से रेलवे ओवरब्रिज तक सी.सी. रोड एवं नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास







कपिल चौहान

**गौतमबुद्ध नगर।** दादरी नगर के विकास को नई गति प्रदान करते हुए जी.टी. रोड से रेलवे ओवरब्रिज तक लगभग ₹16 करोड़ की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड एवं नाले के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर दादरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक तेजपाल सिंह नागर गौतमबुद्ध नगर के लोकप्रिय सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा भाजपा गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना दादरी नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ-साथ जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान प्रदान करेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं नाले के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब प्रदेश सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। लगभग ₹16 करोड़ की लागत से बनने वाली यह सी.सी. रोड एवं नाला दादरी नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा और आमजन को बड़ी राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों की नई इबारत लिखी जा रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे आमजन का जीवन अधिक सुगम और सुरक्षित बन सके। दादरी विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क, जल निकासी, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास जताया कि इससे दादरी नगर के विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी , दादरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष गीता पंडित , राजीव सिंघल, दीपक भारद्वाज, वीरेन्द्र भाटी , अभिषेक कौशिक, पीयूष गर्ग, पवन बंसल, विपिन भाटी, समरपाल चौहान , वेदप्रकाश गुप्ता, रामेश्वर बंसल , संजय शर्मा, ज्ञान सिंह रावल, दीपक नागर , सीमा शर्मा , केशव गोयल , तरुण शर्मा , अरुण प्रधान, राजेश गोयल, पीयूष गर्ग, मनोज गोयल, नीरज राव, ज्ञान सिंह रावल, पवन बंसल, जीतू भाटी, ईश्वर भाटी, केशव गोयल, घनश्याम भाटिया, रज्जाक अहमद, हरिश रावल, चंद्रभान, राजकुमार वर्मा, राजीव सिंघल, रामनिवास बिधूड़ी, दीपक कोरी, आरिफ खान, कविता, सीमा सिंह, राघवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में विधायक तेजपाल सिंह नागर ने सभी क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# हाउस टैक्स पर नगर निगम का बड़ा फैसला, करदाताओं को 77 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक राहत

## ऑनलाइन भुगतान पर 2 प्रतिशत और कचरा पृथक्करण करने वाले घरों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद की सदन बैठक में शनिवार को हाउस टैक्स के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहरवासियों को बड़ी राहत देते हुए हाउस टैक्स में 77 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक छूट देने का निर्णय लिया गया। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्षदों और निगम अधिकारियों ने करदाताओं को राहत देने के साथ-साथ शहर के विकास कार्यों को गति देने पर भी चर्चा की। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुए हाउस टैक्स की नई व्यवस्था पर विचार किया गया। इसके तहत 10 साल पुराने आवासीय भवनों को 25 प्रतिशत, 10 से 20 साल पुराने भवनों को 32.5 प्रतिशत तथा 20 साल से अधिक पुराने भवनों को 40 प्रतिशत तक छूट देने का निर्णय सदन द्वारा पारित किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि यह निर्णय करदाताओं को राहत देने और व्यवस्था को संतुलित बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। महापौर ने बताया कि इसके अलावा हाउस टैक्स के ऑनलाइन भुगतान करने वाले करदाताओं को 2 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी। वहीं, कचरा पृथक्करण करने वाले घरों को 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। यह व्यवस्था 1 अप्रैल से लागू की जाएगी, जिससे लोगों को स्वच्छता के प्रति भी प्रोत्साहन मिलेगा। सदन की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब नगर निगम हाउस टैक्स की गणना कवर्ड एरिया के बजाय कारपेट एरिया के आधार पर करेगा। इस बदलाव से करदाताओं को लगभग 20 प्रतिशत कम क्षेत्रफल पर टैक्स देना होगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि यह कदम करदाताओं के हित को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि हाउस टैक्स पर समय से भुगतान करने पर दी जाने वाली 20 प्रतिशत छूट 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। अंतिम निर्णय होने तक आवश्यकता के अनुसार इस छूट को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। सदन की बैठक में उपस्थित पार्षदों और निगम अधिकारियों ने हाउस टैक्स की बढ़ी हुई दरों पर पुनर्विचार करने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव शासन को भेजने पर सहमति जताई। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक इस प्रस्ताव को शासन को भेजेंगे और इस विषय पर चर्चा के लिए लखनऊ भी जाएंगे। इस दौरान निगम अधिकारियों के साथ अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। महापौर ने कहा कि शहर हित और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे समय पर अपना हाउस टैक्स जमा कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें। बैठक के दौरान महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि शासन से प्राप्त होने वाले निदेशों के अनुसार वर्तमान में जमा किए जा रहे हाउस टैक्स को आगे समायोजित किया जाएगा। सदन में उपस्थित पार्षदों ने शहरवासियों को राहत देने के लिए महापौर और नगर आयुक्त के इस निर्णय की सराहना करते हुए धन्यवाद भी व्यक्त किया। नगर निगम की इस बैठक में हाउस टैक्स के अलावा अन्य कई प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई और शहर के हित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर निगम का मानना है कि इन फैसलों से शहरवासियों को राहत मिलने के साथ-साथ विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# गाजियाबाद में हाउस टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

## पार्षद धर्मेंद्र यादव 'बिल्लू' ने दिया इस्तीफा





कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में प्रस्तावित हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ का विरोध जताया।

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि पहले से ही देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। ऐसे में हाउस टैक्स में बढ़ोतरी सीधे तौर पर आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। उन्होंने कहा कि निचला और मध्यम वर्ग पहले ही बढ़ती महंगाई, रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी और आर्थिक दबाव से जूझ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने नगर निगम प्रशासन से हाउस टैक्स बढ़ोतरी के प्रस्ताव को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर निगम ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए हाउस टैक्स बढ़ाने का फैसला लिया, तो समाजवादी पार्टी आगे भी बड़े स्तर पर आंदोलन और प्रदर्शन करेगी।

इसी विरोध के बीच वार्ड नंबर 33 के पार्षद धर्मेंद्र यादव उर्फ बिल्लू ने भी हाउस टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में अपना इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि वह जनता के हितों के साथ समझौता नहीं कर सकते और बढ़े हुए हाउस टैक्स के फैसले का समर्थन करना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है।

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करती रहेगी।

# गाजियाबाद में लापता बच्ची के लिए पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

## पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के थाना विजय नगर क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि योगी सरकार होने के बावजूद गाजियाबाद पुलिस उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गुनगुन नाम की एक मासूम बच्ची पिछले दो दिनों से लापता है। बच्ची के अचानक गायब हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया है। परिजनों और रिश्तेदारों ने तुरंत पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी और बच्ची की तलाश के लिए गुहार लगाई। परिवार का कहना है कि वे कई बार थाना विजय नगर पहुंचकर पुलिस और प्रशासन से मदद की अपील कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि उनके पास कुछ महत्वपूर्ण सबूत और जानकारियां मौजूद हैं, जिन्हें पुलिस के सामने पेश किया गया है, लेकिन इसके बावजूद मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।

इस घटना के बाद इलाके के लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक मासूम बच्ची के लापता होने जैसे गंभीर मामले में पुलिस को तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करनी चाहिए और बच्ची को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद करना चाहिए।

पीड़ित परिवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्ची को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके और परिवार को न्याय मिल सके।

परिवार और स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाए और लापता बच्ची की तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर कार्रवाई करे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी शिकायतों की बाढ़, 165 में से 14 का मौके पर निस्तारण



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शासनादेश के तहत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में आयोजित इस समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। तीनों तहसीलों में कुल 165 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। लोनी तहसील में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल, एसीपी लोनी, तहसीलदार, पुलिस विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सदर तहसील में यह कार्यक्रम एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यहां भी 33 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एडीएम सदर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। मोदीनगर तहसील में एडीएम एल/ए अवनीश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां सबसे अधिक 99 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मोदीनगर, एसडीएम जे, एसीपी मोदीनगर, नायब तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने लोनी तहसील का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम लोनी और संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने तथा विकासात्मक और सकारात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर देने को कहा।

# स्वाट टीम व वेव सिटी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: लूट, छिनैती और वाहन चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार



कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम नगर जोन और थाना वेव सिटी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट, छिनैती और वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई टाटा नेक्सॉन कार, चोरी की मोटरसाइकिल, एक जोड़ी कुंडल और 315 बोर का देशी तमंचा मय दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार थाना वेव सिटी में हाल के दिनों में तीन अलग-अलग घटनाओं के संबंध में मुकदमे दर्ज किए गए थे। 18 फरवरी 2026 को गुर्जरगढ़ी निवासी पवन बंसल की भाभी के कानों से बाइक सवार बदमाश कुंडल छीनकर फरार हो गए थे। वहीं 26 फरवरी 2026 को राजकम्पाउंड निवासी शिवम कुमार झा की ळश्र स्पोर्ट मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इसके अलावा 4 मार्च 2026 को फरीदाबाद निवासी किसलय कुमार से बदमाशों ने तमंचा दिखाकर टाटा नेक्सॉन कार और मोबाइल फोन लूट लिया था। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को स्वाट टीम और वेव सिटी पुलिस बम्हेटा से गिरधरपुर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने राज राजपूत (23 वर्ष), दर्शन (21 वर्ष) और अजय (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर हाईटेक कॉलेज के सामने खड़ी कार को निशाना बनाया था। कार में सो रहे लोगों को तमंचा दिखाकर गाड़ी और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। बाद में मोबाइल फोन को नाले में फेंक दिया था। आरोपियों ने नोएडा में भी एक व्यक्ति को तमंचा दिखाकर उसका मोबाइल फोन छीनने और उसके परिजनों से ऑनलाइन पैसे मंगवाने की बात स्वीकार की है। आरोपियों ने गुर्जरगढ़ी गांव में एक महिला के कानों से कुंडल छीनने और लालकुआं क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात भी कबूल की है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कश्यप-निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन भव्य, एकता और अधिकारों पर बना बड़ा रोडमैप

## देशभर से पहुंचे पदाधिकारी और समाज के प्रतिनिधि, मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिया संगठन और स्वाभिमान का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में शनिवार को कश्यप-निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों और जिलों से संगठन के पदाधिकारी, समाज के प्रतिनिधि, वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन की मजबूती, सामाजिक अधिकारों और भविष्य की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा और मंथन किया गया। अधिवेशन में समाज को संगठित करने, युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और कश्यप-निषाद समाज के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान दिलाने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी ने यह संकेत दिया कि कश्यप-निषाद समाज अब तेजी से संगठित होकर अपने अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनका पूरा जीवन कश्यप-निषाद समाज की सेवा और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित है। समाज ने उन्हें जो सम्मान और पहचान दी है, उसके लिए वह सदैव समाज के आभारी रहेंगे और जब भी समाज को उनकी आवश्यकता होगी, वह हमेशा समाज के साथ खड़े मिलेंगे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप-निषाद समाज की जड़ें भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा और सनातन संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। महर्षि कश्यप केवल एक महान ऋषि ही नहीं बल्कि मानव समाज को दिशा देने वाले महान मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए तीन चीजें सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं– शिक्षा, संगठन और स्वाभिमान। यदि समाज इन तीनों को मजबूत करता है तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है और उसकी आवाज को कोई भी दबा नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि कश्यप-निषाद समाज ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और राष्ट्र सेवा में हमेशा अग्रणी रहा है। समाज के लोगों ने हर दौर में देश और समाज के लिए योगदान दिया है, लेकिन इसके बावजूद समाज को अपने अधिकारों और सम्मान के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। अब समय आ गया है कि समाज पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ अपने अधिकारों के लिए आगे आए। राष्ट्रीय अधिवेशन में समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल कराने के मुद्दे पर भी गंभीर चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कश्यप-निषाद समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिलता है तो समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अधिक अवसर मिल सकेंगे। इसके लिए सरकार तक अपनी मांग को प्रभावी ढंग से पहुंचाने और समाज को अधिक संगठित करने की रणनीति पर भी मंथन किया गया। नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में बताया कि समाज के महापुरुषों और इतिहास को सम्मान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ क्षेत्र में महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनवाया गया है, जिस पर एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। यह स्मारक समाज के गौरव और इतिहास का प्रतीक है। आने वाले समय में देश के अन्य प्रमुख शहरों और राज्यों में भी महर्षि कश्यप के स्मारक स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में महर्षि कश्यप के नाम पर लगभग एक करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण और विशाल प्रतिमा स्थापित करने का कार्य कराया जा रहा है। इससे समाज के इतिहास और पहचान को नई मजबूती मिलेगी। अधिवेशन के दौरान अप्रैल महीने में प्रस्तावित महर्षि कश्यप महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि यह महासम्मेलन 5 अप्रैल को गाजियाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से समाज के हजारों लोग भाग लेंगे। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न राज्यों और जिलों के पदाधिकारियों से सुझाव भी लिए गए।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान से आए संगठन के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है और युवाओं को शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर आगे बढ़ना चाहिए। पूरे अधिवेशन के दौरान परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। समाज के लोगों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने और लोगों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका मानना है कि गाजियाबाद में आयोजित यह राष्ट्रीय अधिवेशन कश्यप-निषाद समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। अधिवेशन में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, मध्यप्रदेश के दर्जा राज्यमंत्री सीताराम बाथम, कासगंज जिला पंचायत अध्यक्ष बॉबी कश्यप, सरपंच रणबीर कश्यप (प्रदेश अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा), ओमप्रकाश कश्यप (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), जीतपाल कश्यप (जिलाध्यक्ष), रवि कश्यप (प्रदेश महासचिव), राम कुमार कश्यप, राजबीर कश्यप और वेद कश्यप (राष्ट्रीय महासचिव), प्रेमचंद कश्यप (मैनपुरी), रामदास कश्यप (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), जगदीश कश्यप (राष्ट्रीय सचिव), विजेंद्र कश्यप (सहारनपुर) तथा नंदलाल बाथम (प्रदेश अध्यक्ष) सहित कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।